# विशाल इण्डिया

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

सच्चाई की राह पर!

वर्ष : 13 | अंक : 51 | गौतमबुद्धनगर, शनिवार 20 जनवरी 2024 | पृष्ठ : 08 मूल्य : 02 रुपये | आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236




P- 3

एयर इंडिया के क्रू मेंबर की 5 गोली मारकर हत्या



P- 4

आईआईटी-बीएचयू गैंगरेप केस में 200 पेज की चार्जशीट दाखिल



P- 5

आतंकवादियों पर इस्लामाबाद की निष्क्रियता, घरेलू दबाव



P- 6

बोपन्ना-इबडेन की जोड़ी ऑस्ट्रेलियाई ओपन के तीसरे दौर में पहुंची



## हैप्पी मॉर्निंग

टीचर- तुम पढ़ाई पर ध्यान क्यों नहीं देते?
स्टूडेंट- क्योंकि पढ़ाई सिर्फ दो वजहों से की जाती है।
टीचर- अच्छा जनाब, कौन सी हैं वो दो वजहें, जरा बताओ तो?
स्टूडेंट- या तो डर से या शौक से, मैं बिना वजह कोई शौक रखता नहीं
और डरता तो मैं किसी से भी नहीं।



## शायरी

जिन के होठों पे हँसी पाँव में छाले होंगे,
वही लोग अपनी मंज़िल को पाने वाले होंगे।

## अर्थसार

सेंसेक्स:
71,683.23
+496.37 (0.70%)
निफ्टी:
21,622.40
+160.15



## मौसम



अधिकतम : 13 डिग्री से0
न्यूनतम : 07 डिग्री से0
सूर्योदय रविवार : 7 : 15
सूर्यास्त शनिवार : 5 : 53

# वडोदरा बोट हादसे की जांच के लिए एसआईटी का गठन

## 16 की कैपेसिटी वाली नाव में 31 बैठाए; 12 स्टूडेंट्स समेत 14 की मौत हुई

**वडोदरा।** गुजरात के वडोदरा में बोट हादसे की घटना में लेक का मेंटनेंस करने वाले 18 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। पुलिस ने दो को गिरफ्तार किया है। हरणी लेक का मुख्य ठेकेदार परेश शाह फरार है। वडोदरा पुलिस कमिश्नर ने हादसे की जांच के लिए एसआईटी का गठन किया है। इसमें 7 पुलिस अधिकारी शामिल हैं।

मामले में वडोदरा कॉर्पोरेशन में कार्यकारी अभियंता राजेश चौहान ने मेसर्स कोटिया प्रोजेक्ट के प्रबंधकों के खिलाफ भी एफआईआर दर्ज करवाई है। शिकायत में कहा गया है कि हरणी लेक जोन में काम का वर्क ऑर्डर 2017 से मेसर्स कोटिया प्रोजेक्ट के पास है। प्रोजेक्ट में लेक में बोटिंग से लेकर भोजन-पेय, बैंक्वेट हॉल जैसी सभी सुविधाओं की जिम्मेदारी मेसर्स



कोटिया के जिम्मे थी। इस तरह हादसे का जिम्मेदार मेसर्स कोटिया प्रोजेक्ट के प्रबंधक भी हैं। उधर, एफआईआर को लेकर पुलिस की लापरवाही भी सामने आई है। एफआईआर में लेक का मेंटेनेंस करने वाले कोटिया प्रोजेक्ट्स के प्रबंधक बीनीत कोटिया और हितेश कोटिया का नाम दर्ज है। लेकिन एफआईआर में पुलिस ने इनके बंगले का एड्रेस गलत लिखा है। एफआईआर में दर्ज पते वाला नीलकंठ बंगला 2021 में ही बिक गया था। बंगले में कोई और रह रहा है। इनमें से आरोपी नंबर 2 हितेश कोटिया की कोरोना से मौत हो चुकी है।

### हादसे में हुई 12 बच्चों और 2 टीचर्स की मौत

गुरुवार (18 जनवरी) को वडोदरा के हरणी लेक में नाव पलट गई थी। इस पर स्कूली बच्चे और टीचर्स सवार थे। रेस्क्यू के दौरान 20 लोगों को निकाला गया, जिनमें 12 बच्चों और 2 टीचर्स की मौत हो गई। नाव में सवार बाकी 11 बच्चे और 2 टीचर को बचा लिया गया है। उन्हें अस्पताल में भर्ती किया गया है। वडोदरा के कलेक्टर एबी गोरे ने बताया कि 16 कैपेसिटी वाले नाव में 31 लोगों को बैठा लिया था। इसीलिए हादसा हुआ। हादसे का शिकार हुए सभी बच्चे वडोदरा के न्यू सनराइज स्कूल के हैं। सबकी उम्र 8 से 13 साल के बीच है।

# गरीबों के प्रति संवेदनहीन है भाजपा सरकार का रवैया

लखनऊ। समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शुक्रवार को कहा कि कडाके की ठंड और शीतलहर से परेशान गरीबों के प्रति सरकार संवेदनहीन रवैया बनाये हुये हैं। यादव ने एक बयान में कहा कि शीत लहर और भीषण ठंड से आम जनता त्रस्त है। तापमान लगातार गिर रहा है। सर्दी का सितम जारी है। लेकिन सरकार ने ठंड और सर्दी से बचाव के लिए कोई भी उपाय नहीं किया है। न कहीं अलाव जल रहे हैं और न रैन बसेरों की व्यवस्था है। गरीबों का बुरा हाल है। सर्दी और ठंड से लोग बेबस हैं। उन्होने कहा कि समाजवादी पार्टी के नेताओं और कई सामाजिक संगठनों ने गरीबों को कंबल बांटे लेकिन सरकार की तरफ से कहीं कोई कंबल वितरण और सर्दी से बचाव का कोई प्रभावी कार्य नहीं हुआ। सरकार गरीबों को लेकर संवेदनहीन बनी हुई है। यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, अन्याय और अत्याचार चरम पर है। स्वास्थ्य सेवाएं ध्वस्त है।

# मणिपुर में पिता-पुत्र समेत 4 लोगों की हत्या

## हिंसा को लेकर इम्फाल में प्रदर्शन, सुरक्षा बलों पर हमले में म्यांमार के आतंकी शामिल



### मणिपुर में अब तक 200 से ज्यादा मौतें, 1100 घायल

राज्य में 3 मई से कुकी और मैतेई के बीच जारी जातीय हिंसा में 200 से ज्यादा मौतें हो चुकी हैं। 1100 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। राज्य में अब तक 65 हजार से ज्यादा लोग अपना घर छोड़ चुके हैं। 6 हजार मामले दर्ज हुए हैं और 144 लोगों की गिरफ्तारी हुई है।

इम्फाल। मणिपुर में पिछले 24 घंटों के दौरान अलग-अलग घटनाओं में एक व्यक्ति और उसके बेटे समेत 4 लोगों की हत्या कर दी गई। मणिपुर पुलिस ने गुरुवार 18 जनवरी को बताया उग्रवादियों ने बिष्णुपुर जिले में ओइनम बमोलजाओ (61) और उनके बेटे ओइनम मैनिटोम्बा (35) को मार डाला।

साथ ही उसी जिले के स्वयंसेवक थियाम सोमेन (54) की भी गोली मारकर हत्या कर दी गई।

इसके अलावा, बुधवार 17 जनवरी की रात कांगपोकपी जिले की सीमा से लगे इम्फाल पश्चिम जिले के कांगचुप में एक गांव के स्वयंसेवक ताखेललंबम मनोरंजन (26) की मौत हो गई। साथ ही एक अन्य स्वयंसेवक मंगशताबम वांगलेन भी गोली लगने से घायल हो गया था।

इसके अलावा बुधवार को थौबल जिले में सुरक्षा बलों पर हुई गोलीबारी की घटना में विदेशी आतंकियों के शामिल होने के बात सामने आ रही है। मणिपुर से सुरक्षा सलाहकार कुलदीप सिंह ने कहा कि म्यांमार के कई आतंकी हिंसा के लिए भाड़े पर बुलाए गए थे।

उधर, मणिपुर में पिछले साल से शुरू हुई हिंसा को लेकर विरोध प्रदर्शन किया गया। इम्फाल में रैली निकाली गई, जिसमें लोगों ने सरकार से सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने की अपील की।

# अगले पांच दिनों में कोहरे के आगोश में रहेगा उत्तर भारत

नयी दिल्ली। उत्तर भारत के विभिन्न हिस्सों में अगले पांच दिनों तक घना कोहरा छाया रहेगा जिससे लोगों को ठंड से राहत नहीं मिलेगी।

मौसम विज्ञान विभाग ने शुक्रवार को 23 जनवरी तक उत्तर भारत में घना कोहरो छाये रहने की भविष्यवाणी की है। पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ के कई हिस्सों में आज रात से शनिवार सुबह के दौरान तथा और कुछ हिस्सों में अगले चार दिनों तक कोहरा रहेगा। उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड , उत्तरी राजस्थान , बिहार, असम, मेघालय, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम त्रिपुरा , ओडिशा, उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल सिक्किम , उत्तरी मध्य प्रदेश, झारखंड और गांगेय पश्चिम बंगाल में कुछ हिस्सों में काहरा छाया रह सकता है। इन इलाकों में कडी ठंड भी पड़ सकती है।

# दिल्ली में गणतंत्र दिवस तक रोज 2 घंटे फ्लाइट बैन

## विमानों के टेकऑफ-लैंडिंग पर रोक रहेगी; वायुसेना और राज्यपाल-मुख्यमंत्रियों की उड़ानों को छूट

नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली में 26 जनवरी तक हर दिन सुबह 10.20 बजे से दोपहर 12.45 बजे तक दिल्ली हवाई अड्डे से न तो कोई प्लेन उड़ान भरेगा और न ही लैंड करेगा। गणतंत्र दिवस की तैयारियों और कर्तव्यपथ पर होने वाले मुख्य समारोह के चलते यह फैसला लिया गया है। यह प्रतिबंध 19 जनवरी से 26 जनवरी तक लागू रहेगा। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरणने इस फैसले को लेकर नोटम जारी किया है। इससे पहले कुछ अपवादों के साथ केवल नॉन शेड्यूल फ्लाइट्स के लिए यह प्रतिबंध लगाया गया था।

दिल्ली का इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट देश का सबसे बड़ा हवाई अड्डा है और रोजाना लगभग 1300 फ्लाइट्स को ऑपरेट करता है।



### नोटम में ये निर्देश भी शामिल

दिल्ली के एयरस्पेस पर प्रतिबंध शुक्रवार (19 जनवरी) से सोमवार (29 जनवरी) तक लागू रहेगा।

19 से 25 जनवरी तक सुबह 10 बजे से दोपहर 1.15 बजे तक शेड्यूल-नॉन शेड्यूल एयरलाइन्स की फ्लाइट्स का टेक-ऑफ या लैंडिंग नहीं होगी।

पहले जारी एक और नोटम के मुताबिक ये प्रतिबंध 26 जनवरी से 29 जनवरी तक सुबह 6 बजे से रात 9 बजे तक लागू रहेंगे।

वायुसेना, बीएसएफ और आर्मी हेलिकॉप्टर के साथ-साथ राज्यपाल/मुख्यमंत्री को लेकर आ रहे विमानों पर NOTAM प्रभावी नहीं होगा।

**संदिग्ध आतंकी**

**नक्शा लेने आए थे रामनगरी; योगी को जान से मारने की दी थी धमकी**

# अयोध्या से पकड़े गए 3-संदिग्ध आतंकी पन्नू गैंग के मेंबर

लखनऊ। अयोध्या से गुरुवार देर रात पकड़े गए तीनों संदिग्ध खालिस्तानी आतंकी पन्नू गैंग के सदस्य हैं। जो पन्नू के कहने पर अयोध्या का नक्शा लेने पहुंचे थे। वे स्कार्पियों से आए थे। यूपी पुलिस और एटीएस ने जांच पड़ताल के दौरान उनकी गाड़ी का पीछा किया। वे जैसे ही त्रिमूर्ति होटल जाने लगे। उन्हें दबोच लिया।

तीनों राजस्थान के रहने वाले हैं। दो की पहचान जाजोद के रहने वाले शंकर लाल दुसाद और प्रदीप पुनिया के रूप में हुई है। जबकि तीसरे की पहचान झुनझुन पत्तूसरी के रहने वाले अजीत कुमार के तौर पर हुई है। ये



खुलासा तीनों संदिग्धों से पूछताछ में हुआ है। पन्नू ने शुक्रवार को ष्टरूयोगी आदित्यनाथ को जान से मारने की भी धमकी दी है।

### शंकर लाल दुसाद के खिलाफ राजस्थान में 7 मामले दर्ज हैं

डीजी प्रशांत कुमार ने बताया,



शंकर लाल दुसाद के खिलाफ 2007 से 2014 के बीच राजस्थान में 7 मामले दर्ज हैं। उसको 21 मार्च 2016 में गिरफ्तार किया गया था। वह बीकानेर सेंट्रल जेल में 15 मई 2023 तक जेल में रहा। जमानत पर छूटकर बाहर आया है। जेल में रहने के दौरान कैदी लखबिन्दर से जान-पहचान हो



गयी थी। जेल से छूटने के बाद लखबिन्दर ने शंकरलाल दुसाद से कहा था कि मेरे भांजे पम्मा से मुलाकात कर लेना।

### 22 जनवरी को हत्या की दी धमकी

पन्नू ने शुक्रवार को ष्टरू योगी आदित्यनाथ को जान से मारने की भी धमकी दी है। उसने ऑडियो मैसेज भेजा है। इसमें कहा गया है कि पुलिस ने अयोध्या में खालिस्तान समर्थक 2 युवकों को गिरफ्तार किया है। उन्हें प्रताड़ित किया जा रहा है। उनके खिलाफ झूठा केस बनाया जा रहा है।

22 जनवरी को अयोध्या में हो रहा राम मंदिर समारोह आपको (सीएम योगी) एसएफजे से कोई बचा नहीं पाएगा। जरूरत पड़ने पर राजनीतिक हत्याएं करेंगे। एसएफजे की तरफ से 22 जनवरी को इसका जवाब दिया जाएगा। 24 घंटे के अंदर अयोध्या में पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों ने 3 संदिग्धों को पकड़ा है।

# जमशेदपुर में ट्रेन से कटकर 4 लोगों की मौत

## दुर्घटना में मृतकों की शिनाख्त नहीं हो सकी

जमशेदपुर। सरायकेला जिला के गम्हरिया रेलवे स्टेशन के समीप उत्कल एक्सप्रेस की चपेट में आकर चार लोगों की मौत हो गयी है. ? मिली जानकारी के अनुसार, उत्कल एक्सप्रेस रेलवे ट्रैक से गुजर रही थी. इसी दौरान लोग रेलवे लाइन पार कर रहे थे तभी यह घटना घटी है. बताया जाता है कि मृतकों की संख्या बढ़ सकती है. फिलहाल चार लोगों की मौत की खबर है. दुर्घटना में मृतकों की शिनाख्त नहीं हो सकी है. हालांकि, इसको लेकर रेलवे की ओर से आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई ।

बताया जा रहा है कि, चक्रधरपुर रेल मंडल के गम्हरिया और बिरराजपुर रेलवे स्टेशन के बीच ट्रेन संख्या 18478 योगनगरी ऋषिकेश-पुरी कलिंग उत्कल एक्सप्रेस गुजर रही थी. इसी दौरान पोल संख्या 260-20 के पास चारों लोग रेलवे ट्रैक क्रॉस कर रहे थे, तभी ट्रेन की चपेट में आ गए, इससे चारों लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।

घटना की सूचना मिलने के बाद रेलवे में हड़कंप मच गया. तत्काल टाटानगर रेलवे स्टेशन से रिलीफ ट्रेन को घटनास्थल पर भेजा गया।

# सुप्रीम कोर्ट में बिलकिस के 11 दोषियों की याचिका खारिज

## सरेंडर के लिए समय मांगा था; बेंच ने कहा- जो कारण बताए उनमें दम नहीं

नई दिल्ली। कोर्ट ने शुक्रवार को बिलकिस बानो गैंगरेप मामले के 11 दोषियों के सरेंडर की अवधि बढ़ाने की याचिका खारिज कर दी। जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस उज्जल भुईयां की बेंच ने कहा कि दोषियों ने सरेंडर के लिए समय बढ़ाने के जो कारण बताए हैं, उनमें दम नहीं है। इन सभी को दो दिन में सरेंडर करने के निर्देश दिए गए हैं। इन दोषियों में से



किसी ने अपने बेटे की शादी, किसी ने पैर की सर्जरी, किसी ने बुजुर्ग माता-पिता की देखभाल करने, किसी ने फसलों की कटाई का कारण बताकर सरेंडर की तारीख बढ़ाने की मांग की थी। सुप्रीम कोर्ट ने 8 जनवरी को 2002 के गुजरात दंगों के दौरान बिलकिस से गैंगरेप के दोषियों को समय से पहले रिहा करने के राज्य सरकार के फैसले को रद्द कर दिया था। कोर्ट ने सभी दोषियों को दो हफ्ते के भीतर यानी 21 जनवरी तक सरेंडर करने के लिए कहा था।

**विरोध प्रदर्शन**



भीम आर्मी प्रमुख चंद्र शेखर आज़ाद रावण ने नई दिल्ली में दिल्ली विश्वविद्यालय की बर्खास्त शिक्षिका रितु सिंह को न्याय दिलाने की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन में हिस्सा लिया।




# नई शिक्षा नीति सवालों के घेरे में

ग्रामीण क्षेत्रों में सरकारी स्कूलों की दशा को अनेक अध्ययनों में चिंता जाहिर की जाती और उन्हें सुधारने के सुझाव दिए जाते रहे हैं।

शिक्षा का अधिकार कानून बना तो भरोसा जगा था कि न सिर्फ सभी बच्चों तक पढ़ाई-लिखाई की सुविधा का विकास होगा, बल्कि इसके स्तर में भी सुधार होगा। मगर पिछले कुछ वर्षों से शिक्षा संबंधी वार्षिक रिपोर्ट में यह तस्वीर कुछ निराशाजनक ही देखी जा रही है। प्राथमिक कक्षाओं के दाखिले में जरूर कुछ वृद्धि दर्ज हुई है, मगर चौदह साल से अधिक उम्र के बच्चों के बीच में पढ़ाई छोड़ने की दर पर काबू पाना कठिन बना हुआ है।

सबसे चिंताजनक स्थिति है कि बच्चों में बुनियादी पाठ तक पढ़ पाने की क्षमता का विकास नहीं हो पा रहा। शिक्षा की ताजा वार्षिक रिपोर्ट में बताया गया है कि चौदह से अठारह वर्ष आयुवर्ग के करीब सतासी फीसद बच्चे शैक्षणिक संस्थानों में पंजीकृत हैं, मगर उनमें से पच्चीस फीसद छात्र अपनी क्षेत्रीय भाषाओं में कक्षा दो के स्तर की पाठ्य सामग्री भी धाराप्रवाह नहीं पढ़ पाते।

गौरतलब है कि शिक्षा संबंधी वार्षिक रिपोर्ट ग्रामीण क्षेत्रों में पढ़ाई-लिखाई के स्तर का मूल्यांकन करने के मकसद से तैयार की जाती है। इसमें मुख्य रूप से बच्चों के पंजीकरण, पाठ पढ़ने और बुनियादी अंकगणित की क्षमता का आकलन किया जाता है। इन सभी स्तरों पर चिंताजनक स्थिति है।

सबसे अधिक चिंता चौदह से अठारह वर्ष आयुवर्ग के बच्चों की शिक्षा के स्तर को लेकर जताई गई है। इस आयुवर्ग के बत्तीस फीसद से अधिक बच्चे किसी शैक्षणिक संस्था में पंजीकृत नहीं हैं। जो पंजीकृत हैं, उनमें से ज्यादातर की सीखने और कौशल विकास की क्षमता काफी कमजोर है। इस आयुवर्ग की लड़कियों के पंजीकरण में काफी गिरावट नजर आई है। इसकी कुछ वजहें स्पष्ट हैं।

अधिकतर बच्चों के बीच में पढ़ाई छोड़ने का बड़ा कारण परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक न होना रहा है। उसके बाद स्कूलों की स्थिति ठीक न होना, उनमें बुनियादी सुविधाओं का अभाव आदि अनेक कारण हैं। हालांकि रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि कोविड के बाद बहुत सारे निजी स्कूलों के स्थायी रूप से बंद हो जाने और लोगों की वित्तीय स्थिति ठीक न होने की वजह से बड़ी संख्या में बच्चे सरकारी स्कूलों में वापस लौटे हैं।

मगर वहां उन्हें फिर उन्हीं स्थितियों का सामना करना पड़ रहा है, जो दस-बारह साल पहले करना पड़ता था। यानी शिक्षा के स्तर में गिरावट आई है। इस तरह युवाओं में कौशल विकास का संकल्प एक बड़ी चुनौती लगता है। ग्रामीण क्षेत्रों में सरकारी स्कूलों की दशा को अनेक अध्ययनों में चिंता जाहिर की जाती और उन्हें सुधारने के सुझाव दिए जाते रहे हैं। मगर राज्य सरकारें इस तरफ अब तक गंभीर नजर नहीं आतीं। बहुत सारे स्कूलों में छात्रों के अनुपात में अध्यापक तो दूर, एक या दो अध्यापकों से काम चलाना पड़ता है। कई राज्यों ने अध्यापकों की कमी दूर करने के लिए अनुबंध आधार पर पैरा शिक्षकों की भर्ती का रास्ता अख्तियार कर लिया है।

नियमित अध्यापकों को विभिन्न सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में लगा दिया जाता है। इस तरह अध्यापकों को जितना ध्यान विद्यार्थियों को पढ़ाने और उनके व्यक्तित्व विकास पर देना चाहिए, वे नहीं दे पाते। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति में पाठ्यक्रम का बोझ कम करने और विद्यार्थी की मूल प्रतिभा को निखारने, उसमें कौशल विकास कर रोजगार की ओर उन्मुख करने पर बल है।

मगर जब बच्चे प्राथमिक स्तर की पुस्तकें पढ़ और अंकगणितीय समस्याएं सुलझा पाने में भी फिसड्डी साबित हो रहे हैं, तो उनसे नई शिक्षा नीति पर खरे उतरने की कितनी उम्मीद की जा सकती है।

# स्कूली शिक्षा की चुनौतियों को गंभीरता से लेना होगा



-ललित गर्ग-

नया भारत एवं विकसित भारत को निर्मित करने का मुख्य आधार शिक्षा है, लेकिन भारत की ग्रामीण शिक्षा को लेकर आयी एनुअल स्टेटस ऑफ एजुकेशन रिपोर्ट (ग्रामीण) 2023 चिन्ताजनक एवं चुनौतीपूर्ण है। इस सर्वे में ग्रामीण भारत में छात्रों की स्कूली शिक्षा और सीखने की स्थिति की तस्वीर बयां की गई है, ग्रामीण शिक्षा की इन निराशाजनक स्थितियों पर गौर करना जरूरी है। यह सर्वे 26 राज्यों के 28 जिलों में किया गया और 34,745 युवाओं तक इस सर्वे की पहुंच रही। ग्रामीण छात्रों ने जो तथ्य एवं सच्चाई व्यक्त की है, उसके अनुसार 14 से 18 आयु वर्ग के बच्चे अपनी क्षेत्रीय भाषा में दूसरी कक्षा के स्तर तक का पाठ नहीं पढ़ पाते। इस उम्र के तीसरी-चौथी क्लास के गणित के सामान्य से प्रश्नों को हल न कर सकें तो यह कोई अच्छी स्थिति नहीं कही जा सकती। ग्रामीण युवाओं की पसंद विज्ञान एवं तकनीकी विषयों की बजाय आर्ट्स विषय ही होना, शिक्षा के प्रति उपेक्षा एवं उदासीनता को ही दर्शा रहा है। समस्या गणित या भाषा नहीं है, ग्रामीण क्षेत्रों की पढ़ाई में यह पिछड़ापन अपने देश के लिए कोई नई बात नहीं। यह चुनौती बड़ी इसलिए है कि नवीन शिक्षा नीति घोषित होने के बावजूद स्कूली पढ़ाई की नियमित प्रक्रिया में इसका इलाज नहीं तलाशा गया है। जाहिर है, विशेष प्रयास करने पड़ेंगे, ग्रामीण एवं पिछड़े क्षेत्रों में शिक्षा को प्राथमिकता देनी होगी अन्यथा दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी इकॉनमी बनने की राह पर बढ़ रहे देश के लिये यह चुनौती एक अंधेरा ही है।

चिंता की बात यह भी है कि नई शिक्षा नीति में खास तौर से स्कूली शिक्षा की गुणवत्ता में व्यापक सुधार के प्रावधान की बातें बहुत हो रही है, लुभावनी योजनाएं बन रही हैं, लेकिन उनके परिणाम जमीन पर उतरते हुए नजर नहीं आ रहे हैं। यह हमारी नीतियों की पौल खोल रहा है या नीति-निर्माता की सोच में धुंधलापन है? जिंदगी का गुणा-भाग सिखाने वाली शिक्षा में जब बच्चों को गणित की सामान्य जोड़-बाकी भी नहीं आ पा रही हो तो इसे क्या कहेंगे? यही ना कि स्कूली शिक्षा के प्रसार की बातें भले ही जोर-शोर से की जा रहीं हों लेकिन इनमें सुविधाएं अपर्याप्त हैं या नई शिक्षा नीति को बनाने में कोई कमी है। यह भी हो सकता है कि साधनों के अभाव एवं दक्ष-प्रशिक्षित शिक्षकों की कमी के कारण हम नई शिक्षा नीति को प्रभावी ढंग से लागू नहीं कर पा रहे हैं। बेहतर शिक्षा देने का हमारा लक्ष्य कहीं-ना-कहीं भटका हुआ है।

इस सर्वे रिपोर्ट में गांवों की सरकारी व निजी शिक्षण संस्थाएं दोनों के बच्चों को शामिल किया गया है। यही नहीं इस सर्वे में जिन विद्यार्थियों को शामिल किया गया, उनमें 90 फीसदी से ज्यादा ने सोशल मीडिया का इस्तेमाल किया है। स्मार्ट फोन का इस्तेमाल मनोरंजन के लिए ज्यादा और पढ़ाई के लिए कम होने लगा है। साफ है शिक्षा के प्रसार के लिए मोबाइल व कम्प्यूटर जैसे उपकरणों का इस्तेमाल सकारात्मक रूप से नहीं हो पा रहा है। अधिकांश बालक-बालिकाएं कम्प्यूटर या मोबाइल के माध्यम से पढ़ाई-लिखाई में फिसड्डी नजर आते हैं। हालात बदलने के लिए न केवल प्रशिक्षित शिक्षकों की स्कूलों में भर्ती जरूरी है, बल्कि दूर-दराज के इलाकों में भी शिक्षा की पहुंच को आसान किया जाना भी अपेक्षित है। देश-दुनिया ने कोरोना महामारी की जबर्दस्त चुनौती झेली है। खासकर ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों की पढ़ाई तो कोरोना काल में लगभग ठप ही हो गई थी। ऐसे दौर में



जब पहले ही बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए कठिन प्रतिस्पर्धा एवं चुनौतियों सामना करना पड़ रहा है, उनकी नींव को कमजोर रखना चिंताजनक है। जिम्मेदारी सरकारों की ज्यादा है, जिन्हें इस दिशा में अभी काफी काम करना है। शिक्षण संस्थाओं के प्रसार की दिशा में भले ही हम प्रगति कर रहे हों, लेकिन यह साफ है कि शिक्षा डिजिटल तकनीक माध्यम से देने में हम असफल रहे हैं। सर्वे में एक और खास बात निकलकर सामने आई है कि वोकेशनल ट्रेनिंग में अभी ग्रामीण युवा पीछे हैं। सर्वे में शामिल युवाओं में केवल 5.6 प्रतिशत ही वोकेशनल ट्रेनिंग ले रहे हैं। इसी रिपोर्ट से यह भी पता चलता है कि करीब एक तिहाई बच्चे 12वीं से आगे नहीं पढ़ते। लड़कों के मामले में ड्रॉप आउट की सबसे बड़ी वजह रुचि की कमी पाई गई तो लड़कियों के मामले में पारिवारिक मजबूरी।

आधुनिक शिक्षा के सामने आज अनेक चुनौतियां हैं। छात्र जहां अनेक कारणों से बीच में ही पढाई छोड़ देने को मजबूर है, वही कुछ छात्र शिक्षा की चुनौतियों को झेल नहीं पाने के कारण आत्महत्या तक कर रहे हैं। जबकि हमारी शारीरिक, मानसिक, भौतिक और आध्यात्मिक शक्तियों तथा क्षमताओं का निरंतर सामंजस्यपूर्ण विकास करके हमारे स्वभाव को परिवर्तित करने का सशक्त माध्यम है। हमने प्राचीन शिक्षा प्रणाली की इन विशेषताओं को भूला दिया है।

आजादी के बाद से चली आ रही शिक्षा प्रणाली में शिक्षालय मिशन न होकर व्यवसाय बन गया था। इस बड़ी विसंगति को दूर करने की दृष्टि से वर्ततान शिक्षा नीति में व्यापक चिन्तन-मंथन किया गया है, लेकिन उसका असर सामने न आना हमें शिक्षा पर नये सिरे से सोचने को मजबूर कर रहा है। भले ही यह आशा की जा रही है कि नयी शिक्षा नीति में शिक्षा की इन कमियों एवं अपूर्णताओं के दूर होने संभावनाएं हैं। लेकिन इसके लिये आधुनिक शिक्षा एवं शिक्षकों को समग्र दृष्टि से परिपक्व बनाना होगा, तभी शिक्षा की कमियां दूर हो सकेगी और नयी शिक्षा नीति के प्रभावी परिणाम आ सकेंगे। अन्य कलाओं की भांति शिक्षण भी एक महत्वपूर्ण कला है, शिक्षक उस कलाकार के समान होता है, जो अनगढ़ पत्थर को तराशकर पूज्य प्रतिमा एवं समग्र व्यक्तित्व का निर्माण करता है। यही शिक्षक छात्रों में जटिल शिक्षा की चुनौतियों को स्वीकार करने के लिये तैयार कर सकते हैं।

वर्तमान में शिक्षण-कौशल एवं शिक्षण विधियों पर बहुत अनुसंधान हो रहा है। एक अध्यापक स्रष्टा की भांति समाज की भावी पीढ़ी का निर्माण करके समाज द्वारा उत्पन्न शून्य को भरने का प्रयत्न कर सकता है, यदि उसके दायित्व में कमी रहती है तो उसे क्षम्य नहीं माना जा सकता। सच्ची शिक्षा-संस्कृति इंजीनियरों और टेकनीशियनों पर नहीं, अपितु शिक्षकों पर आधारित होती है। अब शिक्षक एवं शिक्षा-नीति एक क्रांतिकारी बदलाव की ओर अग्रसर हो। शिक्षक एवं शिक्षा का वास्तविक लक्ष्य अब प्राप्त हो। अनेकानेक विशेषताओं के बावजूद अब तक शिक्षक का पद धुंधला रहा था। जैसाकि महात्मा गांधी ने कहा था- एक स्कूल खुलेगी तो सौ जेलें बंद होंगी।

पर उल्टा होता रहा है। स्कूलों की संख्या बढ़ने के साथ जेलों के स्थान छोटे पड़ते गये हैं। जेलों की संख्या भी उसी अनुपात में बढ़ रही है। स्पष्ट है- हिंसा और अपराधों की वृद्धि में मैकाले की शिक्षा प्रणाली एवं शिक्षक भी एक सीमा तक जिम्मेदार है। शिक्षा के प्रति छात्रों में जुनून एवं जोश पैदा न होना शिक्षा नीति की बड़ी खामी है। शिक्षा समग्रता से छात्रों का जीवन-निर्माण नहीं कर पारही है, यही कारण है कि अशिक्षित और मूर्ख की अपेक्षा शिक्षित और बुद्धिमान अधिक अपराध करते रहे हैं। पारिवारिक और सामाजिक जीवन में जो तनाव, टकराव और बिखराव की घटनाएं घटित होती रही हैं, उसके मूल में संकीर्णता और ईर्ष्या की मनोवृत्ति भी एक बड़ा कारण है। व्यक्तित्व का टकराव भी इसी कारण बढ़ा है। क्या कारण है कि नयी पीढ़ी के निर्माण में ऐसी त्रुटियां के बावजूद सरकारें कुंभकरणी निद्रा में रही, शिक्षक क्यों नहीं एक सर्वांगीण गुणों वाली पीढ़ी का निर्माण कर पाएं? इसका कारण दूषित राजनीतिक सोच रही है। मानव ने ज्ञान-विज्ञान में आश्चर्यजनक प्रगति की है। परन्तु अपने और औरों के जीवन के प्रति सम्मान में कमी आई है। विचार-क्रान्तियां बहुत हुईं, किन्तु आचार-स्तर पर क्रान्तिकारी परिवर्तन कम हुए। शान्ति, अहिंसा और मानवाधिकारों की बातें संसार में बहुत हो रही हैं, किन्तु सम्यक-आचरण का अभाव अखरता है। अब नयी शिक्षा नीति के माध्यम से सम्यक् चरित्र, सम्यक् सोच एवं सम्यक् आचरण का निर्माण हो, ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा के प्रति आकर्षण पैदा हो, विश्व गुरु एवं दुनिया की आर्थिक महाशक्ति बनने वाले भारत की विकास यात्रा पर एक धुंधलका बना रहेगा।

# टाईम पास

# पाकिस्तान और ईरान आमने- सामने

पाकिस्तान और ईरान के बीच विवाद नया नहीं है। दोनों के बीच करीब नौ सौ किलोमीटर की साझा सीमा है, जिसके दोनों तरफ बलूच समुदाय के लोग रहते हैं और वे दोनों मुल्कों के खिलाफ हैं।

पाकिस्तान और ईरान ने एक-दूसरे की जमीन पर हमले कर एक नए संघर्ष को जन्म दे दिया है। हालांकि अब दोनों देश संतुलित प्रतिक्रिया दे रहे हैं और उनका दावा है कि वे इस संघर्ष को आगे नहीं बढ़ाना चाहते। मगर इससे विश्व राजनीति में सरगर्मी बढ़ गई है। ये हमले ऐसे वक्त में हुए हैं, जब दोनों देश अपनी सीमा में सक्रिय अलगाववादी समूहों को खत्म करने के लिए साझा रणनीति पर काम करने के लिए सहमति बना रहे थे।

दावोस में ईरान के विदेश मंत्री जब पाकिस्तान के कार्यवाहक प्रधानमंत्री से मिले तो दोनों ने इसी मसले पर बातचीत की। मगर उसके एक दिन बाद ही ईरान ने पाकिस्तान के बलूचिस्तान इलाके में हमला कर दिया। उसके जवाब में दो दिन बाद पाकिस्तान ने भी ईरान के सिस्तान और बलूचिस्तान वाले इलाके में गोले दाग दिए। दोनों का दावा है कि उन्होंने उन इलाकों में सक्रिय अलगाववादी समूहों को खत्म करने के मकसद से हमला किया, उनका लक्ष्य नागरिक ठिकाने कतई नहीं थे। हालांकि मीडिया रिपोर्टों में खुलासा हुआ है कि इन हमलों में दोनों तरफ के नागरिक भी मारे गए और घायल हुए हैं।

हालांकि पाकिस्तान और ईरान के बीच विवाद नया नहीं है। दोनों के बीच करीब नौ सौ किलोमीटर की साझा सीमा है, जिसके दोनों तरफ बलूच समुदाय के लोग रहते हैं और वे दोनों मुल्कों के खिलाफ हैं। वे अपना स्वायत्त शासन चाहते हैं। उन इलाकों में सक्रिय आतंकवादी संगठन दोनों देशों पर हमले करते रहे हैं। पिछले महीने ही जैश अल-अदल आतंकी संगठन ने ईरान के सुरक्षा बलों पर हमला किया था, जिसमें ग्यारह ईरानी पुलिस मारे गए थे।


इसी तरह पाकिस्तान पर भी अलगाववादी हमले करते रहे हैं। ईरान का कहना है कि उसके खिलाफ आतंकी गतिविधियां चलाने वाले संगठनों के ठिकाने पाकिस्तान वाले इलाके में हैं। इसलिए उसने उन पर हमला किया। पाकिस्तान ने भी इसी तर्क पर ईरान की जमीन पर हमला किया। जबकि हकीकत यह है कि ईरान के हमले के बाद पाकिस्तान के लोगों में खासी नाराजगी उभरी थी और चुनाव के माहौल में वहां की सरकार उस हमले को नजरअंदाज नहीं कर सकती थी। उसने ईरान पर जवाबी हमला कर दिया।

हालांकि अगर दोनों का मकसद आतंकवादी समूहों पर काबू पाना होता, तो साझा रणनीति के तहत आगे बढ़ते। मगर ईरान की मंशा इससे बिल्कुल अलग है। पाकिस्तान पर हमले से पहले उसने इराक और सीरिया की जमीन पर भी गोले दागे थे। इससे साफ है कि वह उस इलाके में अपना वर्चस्व कायम करना चाहता है।

विचित्र है कि दोनों देश आतंकवाद के सफाए के नाम पर एक-दूसरे के आमने-सामने खड़े हो गए हैं, जबकि ये खुद दूसरे देशों में आतंकवाद को बढ़ावा देते रहे हैं। पाकिस्तान की भारत को अस्थिर करने की कोशिशें छिपी नहीं हैं। ईरान को अपने खिलाफ सिर उठाने वाले बलूच विद्रोही तो पसंद नहीं, पर वह खुद इजराइल के खिलाफ लड़ रहे हिजबुल्ला और यमन में होथी विद्रोहियों का खुला समर्थन करता है।


ईरान और पाकिस्तान के बीच ताजा हमलों से पैदा तनाव बेशक कुछ समय में सामान्य हो जाए, पर अमेरिका और इजराइल की नाराजगी उसके लिए मुश्किलें खड़ी कर सकती है। आतंकवाद को लेकर दो तरह का नजरिया नहीं हो सकता। जब तक ये दोनों देश आतंकवाद के खिलाफ साफ मन से मैदान में नहीं उतरते, तब तक बलूचिस्तान में धधक रही आतंकवाद की आग पर काबू पाना उनके लिए कठिन बना रहेगा।

## काकुरो पहेली - 3070




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:



### काकुरो - 3069 का हल



## हंसी के फूव्वारें

बबलू अपने मित्र को पिछले रविवार का हाल बता रहा था. 'छुट्टी के दिन सुबह ही से मैं अपने बगीचे में काम कर रहा था. अचानक वहां मुझे एक सिक्का मिल गया. मैंने उसे उठाकर अपनी जेब में रख लिया और दोबारा काम करने लगा. फिर मुझे एक सिक्का मिला, उसे भी मैंने जेब में डाल लिया और काम शुरू कर दिया. तकरीबन दस बार ऐसा ही हुआ.'

मित्र ने दिलचस्पी से पूछा, 'क्यों, क्या कोई खजाना छिपा हुआ था वहां?'

बबलू ने बताया, 'नहीं यार, मेरी जेब फटी हुई थी.'

□ □ □

'अरे यार, आज सड़क पर इतने सारे पेपर क्यों पड़े हैं?'

'भई, ये नगर निगम के इश्तहार हैं. इनमें आम जनता से अपील की गयी है कि सड़कों पर गंदगी न फैलायें.'

□ □ □

एक स्त्री अपने पति को झिड़ककर बोली, 'हाय-हाय ! मेरी तो किस्मत ही फूट गयी, जो तुमसे विवाह हुआ. मुझे तुमसे अच्छे और ज्यादा अक्लमंद वर मिल रहे थे.'

पति बोला, 'बेशक वे मुझसे ज्यादा अच्छे और अक्लमंद थे. तभी तो तुम्हारे चंगुल में नहीं फंसे.'

□ □ □

## फिल्म वर्ग पहेली- 3070



**बायें से दायें:-**

१. नाना, सलमान, सीमा, मनीषा की 'आज मैं ऊपर' गीत वाली फिल्म-३
३. 'जै जै शिवशंकर' गीत वाली संजीव कुमार, राजेश, मुमताज की फिल्म-३,३
७. धर्मेन्द्र, मनोजकुमार, सायराबानो की 'आज की रात नया चांद' गीत वाली फिल्म-२
१०. 'एक तेरा साथ हमको' गीत वाली अजय, मा.सत्यजीत, अलका की फिल्म-३
११. मनोजकुमार, बबीता की 'वो परी कहां से लाऊं' गीत वाली फिल्म-४
१२. 'राम हो क्या तुम' गीत वाली राजेश खन्ना, श्रीदेवी की फिल्म-२,३
१४. फिल्म 'बावरे नैन' में राजकुमार के साथ नायिका कौन थी?-२
१६. अमिताभ, नीतूसिंह की 'छूकर मेरे मन को' गीत वाली फिल्म-३
१८. 'रंग चला बहार चली' गीत वाली राजेश खन्ना, ऋषि कपूर, पूनम ढिल्लों की फिल्म-३
१९. नसीरूद्दीनशाह, अतुल अग्निहोत्री, पूजा भट्ट की 'ये उजली चांदनी जब' गीत वाली फिल्म-२
२०. 'दिल ने चाहा है क्या' गीत वाली सनी देओल, फरहा की फिल्म-३
२१. फिल्म 'चोरी चोरी' में अजय देवगन के साथ नायिका कौन है.?-२
२२. संजयदत्त, फरहा की 'ओ गुड़िया ओ बहना' गीत वाली फिल्म-३
२४. 'तूने जिंदगी में आके' गीत वाली बॉबी देओल, अक्षय खन्ना, अमीषा पटेल की फिल्म-४
२७. अमिताभ, वहीदा, नीतू सिंह की 'हमका ऐसा वैसा ना' गीत वाली फिल्म-४
२८. फिल्म 'मासूम' का नायक था-२,३


**ऊपर से नीचे:-**

१. 'वादा रहा' गीत वाली अमिताभ, अजय, अक्षय, ऐश्वर्या की फिल्म-२
२. मिथुन चक्रवर्ती, मुनमुन सेन की १९८६ की एक फिल्म-२
४. 'एक चतुर नार' गीत वाली सुनीलदत्त, किशोरकुमार, सायराबानो की फिल्म-४
५. अनिल, जैकी, पूजा भट्ट की 'जो मांगा था ख्वाब में' गीत वाली फिल्म-२,१,२
६. 'रूकी रूकी सी जिंदगी' गीत वाली आफताब, उर्मिला की फिल्म-२
८. अजय देवगन, अक्षय, उर्मिला की 'ये ताजगी ये सादगी' गीत वाली फिल्म-४
९. 'राजा की आयेगी बरात' गीत वाली राजकपूर, नर्गिस की फिल्म-२
११. राकेश रोशन, हेमा की 'आज उनसे पहली' गीत वाली फिल्म-३,२
१३. 'जाना तेरे प्यार में' गीत वाली अश्मित पटेल, इमरान हाशमी, मल्लिका की फिल्म-३
१५. प्रदीपकुमार, बीना राय की 'पाँव छू लेने दो' गीत वाली फिल्म-५
१७. 'रूखी सूखी रोटी' गीत वाली अनिलकपूर, रानी मुखर्जी की फिल्म-३
१९. फिल्म 'प्यार कोई खेल नहीं' में महिमा के साथ नायक कौन था-२
२१. 'अकेले हैं चले आओं' गीत वाली राजेशखन्ना, बबीता की फिल्म-२
२३. राजकुमार, राजेश खन्ना, माला की 'चुपके से दिल देदे' गीत वाली फिल्म-३
२५. फिल्म 'गाँवार' में नायक कौन था-३
२६. 'मैं प्यासा तुम सावन' गीतवाली फिल्म-३

### फिल्म वर्ग पहेली- 3069



## सूडोकु -3070



- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु -3069 का हल



## शब्द पहेली - 3070



**बाएँ से दाएँ**

1.ईश्वर,करतार-3
3.मुस्कुराहट-3
5.ईख-2
6.रजनीगंधा -2,1,2
9.समुद्र तट (अंग्रेजी-2)
11.ताकत,दम-2
12.अमिताभ व किमी काटकर की फिल्म-2
13.वेतन,पगार-3
16.मनोनीत,नामकृत-3
18.बंधक,गिरवी वस्तु-3
20.निशा,रात्री-3
22.वचन,प्रतिज्ञा-3
23.श्रीनगर की झील-2
24.मूल्य,कीमत-2
25.असावधान-3
28.धिक्कार,फटकार-3
30.हवा,पवन-3
31.झाझर,कुंभ-3
33.चिंतन-3
35.संस्कृत में मेरा-2
36.मादा का विलोम-2
38.कुबेर,भूत-2
40.परोपकारी,जितेंद्र की एक फिल्म-5
41.फलों का राजा-2
42.फूल चुननेवाली-3
43.घोड़ों की देखभाल करनेवाला-3

**ऊपर से नीचे**

1.तमिल भाषा में बड़ा भाई-2
2.बेकार-3
3.दीवान,खजांची-3
4.पैगंबर,रसूल-2
5.झूठ,मिथ्या -3
7.तेल में पकाना-3
8.आराम,मदद-3
10.गुलिस्ता-3
14.नरकभोगी-5
15.खुजली-2
17.सखा,दोस्त-2
18.मजा,आनंद-2
19.स्वदेशवासी-5
21.सुई (अंग्रेजी-3)
22.विष्णुप्रिया-3
26.पुनः,वापस-2
27.मर्करी,पारद-2
29.भीगा हुआ-2
30.वक्त,टाईम-3
31.अच्छी बुद्धि-3
32.निम्नता-3
34.मुलायम-3
35.बड़ा,विशाल-3
37.धनवान-3
39.माफी-2
41.उम्मीद-2

### शब्द पहेली -3069 का हल



# जंजीर ताले में बंद नोएडा प्राधिकरण

## किसानों ने कहा- संपूर्ण लॉकडाउन, 2021 में भी की थी तालाबंदी, 5 सालों से सिर्फ वादाखिलाफी

नोएडा। नोएडा में किसानों ने जबरदस्त प्रदर्शन किया है। प्रदर्शनकारी किसानों ने सेक्टर-6 स्थित नोएडा प्राधिकरण के गेट पर ताला जड़ दिया। किसानों ने कहा कि जब तक हमारा काम नहीं होगा, किसी का काम नहीं होने देंगे।

रात भर किसान प्राधिकरण गेट के पास तंबू में धरना देते रहे। हालांकि किसानों का धरना 39 दिनों से चल रहा है। लेकिन ताला नहीं खुले इसके बाद अलग से किसान गेट की चौकसी कर रहे है।

दरअसल पूर्व नियोजित कार्यक्रम के तहत गुरुवार को 105 गांवों के किसान दोपहर करीब 12 बजे प्राधिकरण पर पहुंचे। पुलिस ने पहले से ही प्राधिकरण के सभी गेटों के बाहर बैरिकेडिंग कर दी थी। ताकि किसान तालाबंदी नहीं कर सके। करीब दो बजे तक पंचायत हुई।

करीब तीन बजे भारतीय किसान परिषद के अध्यक्ष ने किसानों से तालाबंदी करने का ऐलान किया। इसके बाद महिला किसान हाथ में ताला और जंजीर लेकर गेट नंबर दो की ओर बढ़े। किसान बैरिकेडिंग पर चढ़ गए। हंगामा किया और नारेबाजी



करते हुए ताला लगा दिया।

### 5 सालों से किसानों के साथ प्राधिकरण कर रहा वादाखिलाफी

5 सालों से किसान प्राधिकरण की वादाखिलाफी से आक्रोशित है। ये वादाखिलाफी एक बार नहीं बल्कि 2019 से लगातार किसानों के साथ हो रही है। पहली बार 10% विकसित भूखंड या इसके समतुल्य मुआवजे की मांग को लेकर 2019-20 में किसानों ने प्रदर्शन किया। इसके बाद हर साल कभी लगातार 4 तो कभी 6 महीने तक किसान प्राधिकरण की चौखट पर बैठे रहे। यही वजह थी सितंबर 2021 में भारतीय किसान परिषद ने प्राधिकरण की तालाबंदी की थी। उस तालाबंदी के समय प्राधिकरण में कई दिनों तक काम प्रभावित हुआ और रीजनल ऑफिस से काम किया गया।

### क्यों किया जा रहा धरना प्रदर्शन

दरअसल, नोएडा प्राधिकरण ने भू अर्जन अधिनियम 1984 में वर्णित प्रावधान के अनुसार 16 गांव की 19 अधिसूचनाएं को एक किसान की ओर से हाईकोर्ट में चुनौती दी गई।

इस चुनौती पर उच्च न्यायालय ने किसानों को 64.70 प्रतिशत की दर से मुआवजा और 10 प्रतिशत आबादी भूखंड देने का आदेश दिया।

21 अक्टूबर 2011 के आदेश क्रम में ऐसे किसान जिनकी याचिका खारिज कर दी गई या जो न्यायालय नहीं गए उनका निर्णय प्राधिकरण को लेने का निर्देश दिया गया।

न्यायालय के आदेश के बाद प्राधिकरण ने 191वीं बोर्ड बैठक में निर्णय लिया कि 10 प्रतिशत विकसित आबादी भूखंड (जिन्हें पूर्व में 5 प्रतिशत विकसित आबादी भूखंड मिल चुका है उन्हें अतिरिक्त 5 प्रतिशत भूखंड) या इसके क्षेत्रफल के समतुल्य मुआवजा सिर्फ उन्ही किसानों को दिया जाएगा जो उच्च न्यायालय के आदेश 21 अक्टूबर 2011 में शामिल हुए थे।

प्राधिकरण ने माना कि ऐसे किसान जिन्होंने न्यायालय में चुनौती दी लेकिन उनकी याचिका को निरस्त कर दिया गया और ऐसे किसान जिन्होंने अधिसूचना को चुनौती नहीं दी। वे पात्र नहीं है। इस निर्णय के बाद किसानों में आक्रोश भर गया। इसके बाद ऐसे किसान जो उस समय न्यायालय नहीं गए थे। उन्होंने याचिका दायर की। जिसे कोर्ट ने खारिज कर दिया। तब से लगातार किसान मांग को लेकर प्रदर्शन करते आ रहे है।

## गन्ना मूल्य मात्र रु 20 प्रति कुंतल बढ़ाना गन्ना किसानों के साथ धोखा: श्याम सिंह भाटी



**ग्रेटर नोएडा।** उत्तर प्रदेश कैबिनेट बैठक में गन्ना मूल्य में मात्र 20 प्रति कुंतल की गई बढ़ोतरी पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए समाजवादी पार्टी के पूर्व जिला महासचिव श्याम सिंह भाटी एडवोकेट ने कहा कि लागत बढ़ जाने के कारण लंबे समय से गन्ना किसान गन्ना के मूल्य में बढ़ोतरी की मांग कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा केवल रु 20 प्रति कुंतल गन्ना के मूल्य में वृद्धि कर गन्ना किसानों को धोखा दिया है। जबकि प्रति कुंतल गन्ना लागत लगातार बढ़ रही है। प्रदेश सरकार के इस फैसले से किसान में घोर निराशा है। यह फैसला साबित करता है कि भाजपा सरकार पूरी तरह किसान विरोधी है। और उसे किसानो की समस्या से कोई लेना देना नहीं है।

## दुष्कर्म के दोषी को 20 साल की जेल

ग्रेटर नोएडा। जिला न्यायालय ने सेक्टर-20 थाना क्षेत्र में पांच और सात वर्ष की मासूम बच्चियों से दुष्कर्म के मामले में मकान मालिक चंद्रिका उर्फ कबाड़ी को दोषी करार दिया है। दोषी चंद्रिका को 20 साल की जेल की सजा सुनाई गई है। अपर सत्र न्यायाधीश व विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट द्वितीय चंद्रमोहन श्रीवास्तव ने दोषी पर 50 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माने की राशि पीड़िता के परिवार को देने का आदेश दिया गया है। एडीजीसी चवन भाटी ने बताया कि चार अप्रैल 2019 को नोएडा सेक्टर-20 थाने में पीड़िताओं के पिता ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पीड़ित पक्ष का कहना था कि दंपती के घर से बाहर काम करने के लिए जाने के दौरान मकान मालिक पांच और सात साल की दो बेटियों को बहला-फुसलाकर अपने घर ले जाता था। मकान मालिक दोनों बच्चियों से दुष्कर्म करता था। पुलिस ने केस दर्जकर उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मामले में आरोप पत्र दाखिल किया गया। सुनवाई के दौरान छह गवाहों और दोनों पीड़िताओं ने बयान दर्ज कराए। न्यायालय ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं की बहस सुनने के बाद चंद्रिका उर्फ कबाड़ी को दोषी करार देते हुए सजा सुनाई। दोषी पहले सात साल की मासूम को पैसे व टॉफी देने का लालच देकर घर पर बुलाता था। मकान मालिक शुरुआत में डिजिटल रेप करता था।

# शार्ट न्यूज

## पुलिस ने दो गांजा तस्करों को किया गिरफ्तार, कब्जे से 2 किलो 400 ग्राम गांजा बरामद

**सोनू शर्मा विशाल इण्डिया**



ग्रेटर नोएडा। थाना सुरजपुर पुलिस ने चैकिंग के दौरान दो गांजा तस्करों रवि कुमार पुत्र राजा राजकुमार निवासी ग्राम तिलपता थाना सूरजपुर गौतमबुद्धनगर मूल पता जहाँगीरपुरी थाना जहाँगीरपुरी दिल्ली को साइट सी में सुन्दर ढाबा के सामने औद्योगिक क्षेत्र से और अभियुक्त गौरव पुत्र जगदीश निवासी ग्राम तिलपता थाना सूरजपुर गौतमबुद्धनगर को कन्टेनर डिपो के सामने तिलपता से गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए अभियुक्तों के कब्जे से पुलिस 2 किलो 400 ग्राम गांजा बरामद किया है।अभियुक्तगण शातिर किस्म के गांजा तस्कर हैं।जिनके विरुद्ध विभिन्न थानों पर लगभग एक दर्जन आपराधिक मुकदमे पंजीकृत हैं।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में व्यापार बंधुओं की मासिक समीक्षा बैठक हुयी सम्पन्न

**सोनू शर्मा विशाल इण्डिया**



ग्रेटर नोएडा। जनपद गौतमबुद्धनगर में व्यापारिक गतिविधियों को आगे बढ़ाने एवं व्यापारियों के सम्मुख आने वाली समस्याओं का त्वरित गति के साथ निस्तारण संभव कराने के उद्देश्य से आज जिला अधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने कलेक्ट्रेट सभागार में व्यापार बंधु की बैठक में अध्यक्षता करते हुए सभी व्यापार बंधुओं की समस्याओं को बहुत ही गहनता के साथ सुना। आयोजित बैठक में विभिन्न व्यापारिक प्रतिनिधियों के द्वारा दादरी बस स्टैण्ड चौराहे पर जाम एवं पार्किंग, सड़को की मरम्मत, जीएसटी विभाग के सचल दल के द्वारा शिकायतों पर विभागीय कार्यवाही न करने, बाट माप विभाग द्वारा 50 किलोग्राम से अधिक क्षमता के गैर स्वचालित इलैक्ट्रानिक तौल उपकरणों का निर्माता/डीलर स्टॉक में सत्यापन रोकने के सम्बंध में जिलाधिकारी को अवगत कराया गया।जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी अधिकारी गण व्यापारियों की समस्याओं का निराकरण तत्परता के साथ सुनिश्चित करें।

## कौशल विकास मिशन के तहत प्रशिक्षण देने वाले प्रशिक्षण प्रदाताओं की समीक्षा बैठक सम्पन्न



ग्रेटर नोएडा। गौतमबुद्धनगर जिले के जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में आज समस्त आवंटित लक्ष्य की पूर्ति करने के उद्देश्य से कौशल विकास मिशन के तहत प्रशिक्षण देने वाले प्रशिक्षण प्रदाताओं की समीक्षा बैठक आहूत की गई। जिसमें मुख्य विकास अधिकारी, जिला विकास अधिकारी एवं जिला समन्वयक उपस्थित रहे।जिला अधिकारी ने बैठक की अध्यक्षता करते हुये कहा कि प्रशिक्षण प्रदाताओं द्वारा परीक्षार्थियों को गुणवत्तापरक प्रशिक्षण प्रदान किए जाने एवं समस्त उत्तीर्ण लाभार्थियों को रोजगार से जोड़े जाने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने समस्त प्रशिक्षण प्रदाताओं को निर्देशित किया कि मिशन द्वारा प्राप्त लक्ष्य को शत् प्रतिशत यथाशीघ्र पूर्ण करें अन्यथा के विरुद्ध प्रशासनिक कार्रवाई की जाएगी। डीडीयूजीकेवाई से संबंधित जिन प्रदाता द्वारा लक्ष्य के सापेक्ष अभी तक प्रशिक्षण प्रारंभ नहीं किया गया है वो यथाशीघ्र प्रशिक्षण प्रारंभ करें अन्यथा उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई के लिए मिशन में पत्र प्रेषित किया जायेगा। साथ ही निर्देशित किया गया की बैठक में अनुपस्थित प्रदाता के विरुद्ध स्पष्टीकरण जारी किए जाएं।

## नोएडा हवाईअड्डे से घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानें संचालित करेगी अकासा एयर

ग्रेटर नोएडा। निर्माणाधीन नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से उड़ान सेवा संचालित करने के लिए विमानन कंपनियां आगे आ रही हैं। शुक्रवार को अकासा एयर और हवाईअड्डा प्रबंधन के बीच इस बाबत करार हुआ। समझौते के तहत अकासा एयर हवाई अड्डे से घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानें संचालित करेगी। नोएडा एयरपोर्ट के सीईओ क्रिस्टॉफ श्नेलमैन ने कहा कि विमानन कंपनी से साझेदारी से हवाई कनेक्टिविटी मजबूत होगी। नोएडा से देश के सभी प्रमुख महानगरों के साथ-साथ टियर-2 और 3 शहरों को जोड़ने के लिए नेटवर्क तैयार किया जा रहा है। वहीं अकासा एयर के संस्थापक और सीईओ विनय दुबे ने कहा कि नोएडा एयरपोर्ट विमानन बुनियादी ढांचे के विकास पर हमारी सरकार के फोकस का उदाहरण है, क्योंकि देश एक अंतरराष्ट्रीय विमानन केंद्र बनने की ओर बढ़ रहा है। अहम है कि सितंबर में नोएडा एयरपोर्ट से उड़ानों का संचालन प्रस्तावित है। इसको देखते हुए निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। एक रनवे और एक टर्मिनल के साथ नोएडा एयरपोर्ट के पहले चरण में सालाना 1.2 करोड़ यात्रियों की संभालने की क्षमता होगी।

## 21 करोड़ की जमीन कराई कब्जा मुक्त

गाजियाबाद। गाजियाबाद नगर निगम ने मोहननगर जोन के करहेड़ा गांव में शुक्रवार को अभियान चलाते हुए 7000 वर्ग मीटर जमीन को कब्जा मुक्त कराया। इस जमीन की कीमत लगभग 21 करोड़ बताई गई है। उक्त जमीन को जल निगम को सौंप दिया गया है। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक की नेतृत्व में संपत्ति विभाग लगातार जमीन को कब्जा मुक्त कर रहा है। जिसके क्रम में करहेड़ा गांव में खसरा नंबर 2635, 2630, (कुछ हिस्सा) 2614, 2629 व 2625 को कब्जा मुक्त कराया गया है। अब जल निगम द्वारा जमीन का चिन्हीकरण कर फेंसिंग का कार्य शुरू कर दिया गया है। उक्त जमीन पर जल निगम द्वारा मैन पंपिंग स्टेशन बनाया जाएगा, जिससे जल शोधन कर एसटीपी तक पहुंचाया जाएगा। नगर आयुक्त द्वारा संबंधित अधिकारियों को खाली कराई जा रही भूमि को जनहित की योजनाओं में उपयोग करने के लिए भी निर्देश दिए हैं। कब्जा मुक्त कराई जा रही भूमि पर तार फेंसिंग या बाउंड्री का कार्य भी समय से करने के लिए कहा गया है, जिसमें निर्माण विभाग को भी निर्देश जारी किए गए हैं।

## 24 ग्राम पंचायत में आपदाओं के प्रबंधन को लेकर छात्रों को दिया गया प्रशिक्षण

ग्रेटर नोएडा। उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा चयनित संस्था टाइम्स ग्रुप और जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण गौतमबुद्धनगर के संयुक्त तत्वाधान में अभी तक 26 ग्राम पंचायत समुदाय आधारित आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण गौतम बुद्ध नगर में अब तक पूरा किया जा चुका है, जिसमें बिसहाड़ा, छौलस, लोहारली, रानोली, लतीफपुर, खटाना धीरखेड़ा, शाहपुर खुर्द, कलोदा, जारचा, इस्लामाबाद कॉल, कोट, आनंदपुर, बादलपुर, मंडपा, कैमराला, चक सेनपुर, मुट्यानी, चिटहैरा,कटहैरा, कचहैड़ा, वरशाहबाद, आकलपुर जागीर, सादीपुर, ऊंचा मीरपुर, नूरपुर, फूलपुर व सलारपुर कलां सम्मिलित हैं।इनमें भूकंप, बाढ़, सर्पदंश, डूबने, आकाशीय बिजली, अग्निकांड, शीतलहर से बचाओ इत्यादि आपदाओं के प्रबंधन पर प्रशिक्षण दिया गया।जिला आपदा विशेषज्ञ ओमकार चतुर्वेदी ने बताया कि जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा व अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार के मार्गदर्शन में जनपद में मुख्यमंत्री स्कूल सुरक्षा कार्यक्रम फेस टु के क्रम में जनपद के 50 विद्यालयों में आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण कार्यक्रम के बाद अब समुदाय आधारित आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। मुख्यमंत्री स्कूल सुरक्षा कार्यक्रम के तहत मास्टर प्रशिक्षकों द्वारा लेखपाल, ग्राम सचिव के सहित पूरे ग्राम के लोगों को आपदा के बारे में आपदा के प्रकार, आपदा को लेकर पूर्व तैयारी, आपदा के दौरान और आपदा के पश्चात क्या करें और क्या ना करें के बारे में विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई जा रही है।

# एयर इंडिया के क्रू मेंबर की 5 गोली मारकर हत्या

## जिम के बाहर कार में मारी गोली; 2 बाइक से आए थे 5 बदमाश

नोएडा। नोएडा से बड़ी खबर है। यहां दिनदहाड़े एयर इंडिया के क्रू मेंबर की गोली मारकर हत्या कर दी गई। वह जिम करने आया था। जिम से लौटने के बाद वह कार स्टार्ट कर रहा था। तभी बाइक सवार तीन बदमाश आए और ताबड़तोड़ 5 गोली मारी। हत्या की सूचना मिलते ही फौरन पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। जांच-पड़ताल की जा रही है। घटना नोएडा के सेक्टर-104 की है। डीसीपी हरीश चंदर ने बताया, शुक्रवार करीब ढाई बजे बजे सूरजभान (32) एनीटाइम जिम सेंटर पहुंचा था। वह यहां रोज जिम करने आता था। जिम



करने के बाद गाड़ी में बैठकर प्रोटीन शेक पी रहा था। तभी एक बाइक से 3 बदमाश आए। उन्होंने सामने से 9 राउंड फायरिंग की। जिसमें से 5 गोली सूरजभान को लगी। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

मर्डर की सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। घटना स्थल से साक्ष्य जुटाए। पुलिस को गाड़ी के अंदर से मृतक का मोबाइल मिला है। उसे जांच के लिए लेकर गई है। पुलिस लोगों से पूछताछ कर हत्यारों की तलाश कर रही रही है।

### सीसीटीवी से बदमाशों की तलाश

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक बदमाश दो गाड़ियों से आए थे। एक बाइक पर तीन और दूसरे पर दो बदमाश थे। तीन बदमाश एक साथ बाइक से उतरे और फायरिंग कर दी। गोली मारने के बाद दोनों बाइक एक साथ भागी। पुलिस सीसीटीवी कैमरे की फुटेज चेक कर रही है।

### एयर इंडिया में क्रू मेंबर था

पुलिस के मुताबिक सूरजभान नोएडा के सेटर-100 के लोट्स पनाश सोसाइटी में रहता था। वह मूलरूप से दिल्ली का रहने वाला है। उसकी शादी हो चुकी है। 4 साल की एक बेटी भी है। उसे गोली किसने और क्यों मारी है। पुलिस इसका पता लगाने में जुटी है। डीसीपी ने बताया कि बदमाशों को पकड़ने के लिए 4 टीमों का गठन किया गया है। परिजनों से बातचीत की जा रही है। साथ ही जिम में उसके साथियों से भी पूछताछ की जाएगी। मृतक का मोबाइल पुलिस के पास है। इसे भी काफी साक्ष्य मिलेंगे।

# यूट्यूबर के घर फायरिंग करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार

**सोनू शर्मा विशाल इण्डिया**



**ग्रेटर नोएडा।** थाना इकोटेक प्रथम पुलिस ने फायरिंग करने वाले वांछित अभियुक्त लहर कुमार उर्फ लोकेश पुत्र अशोक निवासी ग्राम मोहियापुर थाना सेक्टर-142 गौतमबुद्धनगर को घरबरा कट के पास से शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए अभियुक्त के कब्जे से पुलिस ने एक पिस्टल 32 बोर मय तीन कारतूस जिन्दा और एक कार वेन्यू बरामद की है। उपरोक्त अभियुक्त थाना ईकोटेक प्रथम पर पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या 06/2024 धारा 336,307 भादवि के तहत वांछित चल रहा था।वादी का पुत्र एक चर्चित यू ट्यूबर है। दो अज्ञात अभियुक्तों द्वारा वादी के पुत्र को अपनी असलाह के साथ आपत्तिजनक वीड़ियो अपनी इंस्टाग्राम आईडी से टैग करने को कहा था जिसपर मना करने पर अभियुक्तों द्वारा 13 जनवरी 2024 वादी के घर पर फायरिंग की गई थी। जिसके संबंध मे थाना इकोटेक प्रथम पर अभियोग पंजीकृत करते हुए घटना के शीघ्र अनावरण हेतु पुलिस टीम का गठन किया गया था।गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध पुलिस ने आवश्यक वैधानिक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

## गाजियाबाद में दंगा नियंत्रण रिहर्सल, सड़कों पर फ्लैग मार्च

गाजियाबाद। श्रीराम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा और गणतंत्र दिवस को लेकर गाजियाबाद पुलिस पूरी तरह अलर्ट मोड में आ गई है। एक तरफ जहां पुलिस लाइन में दंगा नियंत्रण का रिहर्सल हुआ, वहीं दूसरी तरफ कई इलाकों में फ्लैग मार्च निकाला गया। दिल्ली-यूपी बॉर्डर पर भी कड़ी सुरक्षा कर दी गई है। बॉर्डर से सटे इलाकों में अपराधिक और असामाजिक तत्वों पर पैनी नजर रखी जा रही है। एसीपी सलोनी अग्रवाल के नेतृत्व में संवेदनशील क्षेत्र डासना में शुक्रवार को पुलिस ने फ्लैग मार्च निकाला। इस दौरान पुलिस दंगा नियंत्रण के सभी संसाधनों से लैस दिखी। पुलिस ने फ्लैग मार्च निकालकर ताकत का अहसास कराया और असामाजिक तत्वों को चेतावनी दी।

# पीजी में रहने वाले स्टूडेंट्स ने युवक पर किया हमला

जेवर। दनकौर कस्बा निवासी एक व्यक्ति को अपने घर के पास आपस में विवाद कर रहे कुछ स्टूडेंट्स का विरोध करना महंगा पड़ गया। आरोप है कि गुस्साए स्टूडेंट्स ने लोहे के पंच से हमला कर युवक को गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल का दनकौर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज चल रहा है। इस संबंध में पीड़ित ने कोतवाली में शुक्रवार को मामले की शिकायत की है।

कस्बे के गढ़ी मोहल्ला निवासी विपिन नागर ने पुलिस को दी शिकायत में कहा कि उनके घर के पास एक पीजी है। जिसमें सैकड़ों स्टूडेंट रहते हैं। उनका कहना है कि घर के सामने खड़े होकर कुछ स्टूडेंट शुक्रवार को आपस में गाली-गलौज कर रहे थे। जिसके चलते उन्होंने अपने घर से आगे से उनको हटने के लिए कहा।

इसी बात से गुस्साए कुछ स्टूडेंट्स ने उनके साथ मारपीट करते हुए लोहे के पंच से हमला कर उनके सिर को लहूलुहान कर दिया। लहूलुहान स्थिति में पीड़ित ने कोतवाली पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ शिकायत की है। मोहल्ले में रहने वाले अन्य लोगों का कहना है कि पीजी में रहने वाले स्टूडेंट्स देर रात तक वहां पर आपस में अभद्रता करते रहते हैं।

इसकी वजह से आसपास के रहने वाले लोग भी काफी परेशान हैं। शिकायत पर पुलिस जांच कर आगे की कानूनी कार्रवाई करने की बात कह रही है। कस्बे के लोगों को कहना है कि कई जगहों पर पीजी बनी हुई है।

# लग्जरी कार चोरी करने वाले 4 चोर गिरफ्तार

## दिल्ली एनसीआर के अलावा मथुरा में की चोरी



नोएडा। थाना सेक्टर-63 नोएडा पुलिस द्वारा एनसीआर व आस-पास के क्षेत्रों में रेकी कर लग्जरी कार चोरी करने वाले अन्तर्राज्यी गैंग के चार बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

इनकी पहचान वसीम, रहीस, मोइन और विक्रम हुई है। पुलिस ने इन चारों को मैनुअल इंटेलिजेंस व बीट पुलिसिंग की सहायता से सेक्टर-63ए के गेट नंबर-1 चौकी क्षेत्र बहलोलपुर के पास से गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से चोरी की गई होंडा सिटी और ब्रेजा जिस कार , 02 एल नुमा लोहे की टी (गाडी का लॉक तोड़ने में प्रयोग की जाने वाली), 02 फर्जी नम्बर प्लेट बरामद किए है।

पूछताछ में चारो ने बताया की हम चारों एक साथ मिलकर एनसीआर क्षेत्र में घूम-फिरकर सोसाइटी एंव मार्केट आदि की पार्किंग में खड़े वाहनों की रेकी करते थे। इसके बाद एल नुमा टी से मौका पाकर वाहनों का लॉक तोड़कर उनको चोरी कर लेते थे । बरामद असलाह को हम चोरी करते समय अपनी सुरक्षा एवं लोगों से बचने के लिये अपने पास रखते थे। इससे पहले भी हम नोएडा एवं एनसीआर क्षेत्र कोसीकला, मथुरा से भी कई वाहन चोरी कर चुके है। जिसको काटकर बेचा जा चुका है।

वाहनों को काटकर बेचने से मिले पैसों को हम आपस में बांटकर खर्च कर चुके है। पूछताछ में बताया इनसे बरामद की गई होंडा सिटी कार एक साथ मिलकर जनपद गाजियाबाद की पंच वटी कॉलोनी से करीब 01 साल पहले चोरी की थी।

# पुलिस चौकी से 300 मीटर की दूरी पर बुजुर्ग की-हत्या

## आरोपी ने घर में घुसकर तवा से किया हमला, पड़ोसी पर हत्या का आरोप

**जेवर।** गौतम बुद्धनगर में पुलिस चौकी से 300 मीटर की दूरी पर शुक्रवार शाम घर में घुसकर एक बुजुर्ग की हत्या कर दी गई। आरोप है कि पड़ोसी ने ही रंजिश के चलते तवा से हमलाकर बुजुर्ग की हत्या की है। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पुलिस का कहना है कि पीड़ित परिवार की शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया जा रहा है। घटना दनकौर कोतवाली क्षेत्र के बिलासपुर कस्बे की है। बिलासपुर कस्बा निवासी अली मोहम्मद (80) अपनी पत्नी के



साथ घर में अकेले बिलासपुर पुलिस चौकी से 300 मीटर की दूरी पर रहते थे। जिनके बच्चे उनसे काफी दूरी पर अन्य मकान में रहते हैं। बताया जाता है कि शुक्रवार की शाम करीब 6 पड़ोस के ही एक वसीम ने रंजिश के चलते उसके घर में घुसकर बुजुर्ग के सिर पर तवा से जानलेवा हमला कर दिया। घटना के समय बुजुर्ग की पत्नी घर से बाहर थी। घटना को अंजाम देकर आरोपी मौके से फरार हो गया। जिसको भागते हुए पड़ोस के कुछ लोगों ने देखा। इसके बाद जब पड़ोस के लोग घर में अंदर पहुंचे तो बुजुर्ग लहूलुहान स्थिति में पड़े थे। बुजुर्ग के पास तवा भी पड़ा हुआ था। सूचना के बाद पुलिस को मामले की जानकारी दी गई। पुलिस ने घायल अवस्था में बुजुर्ग को अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जिस युवक पर हत्या का आरोप लगा है। उसकी बुजुर्ग से पुरानी रंजिश चली आ रही थी। इसी बात से गुस्साए आरोपी ने बुजुर्ग पर हमला किया था।

### फरार आरोपी को जल्द किया जाएगा गिरफ्तार

कोतवाली प्रभारी दनकौर संजय सिंह बताया कि बुजुर्ग पर करीब 2 वर्ष पहले हत्या का आरोप लगने वाले वसीम ने किसी मामले को लेकर केस दर्ज कराया था। इसी बात को लेकर बुजुर्ग की हत्या की गई है। पीड़ित परिवार की शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया जा रहा है। फरार आरोपी को जल्द ही गिरफ्तार का जेल भेजा जाएगा।

## ट्रैक्टर ट्रॉली-कैंटर की भिड़ंत से जाम

गाजियाबाद। गाजियाबाद के राजनगर एक्सटेंशन इलाके में शुक्रवार को रॉन्ग साइड दौड़ रही ट्रैक्टर ट्रॉली ने एक कैंटर में टक्कर मार दी। हादसे में दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। इससे राजनगर एक्सटेंशन की मुख्य सड़क पर करीब एक किलोमीटर लंबा जाम लग गया। सैकड़ों वाहन फंस गए। सबसे ज्यादा दिक्कत ऑफिस जाने वालों को हुई। ये हादसा राजनगर एक्सटेंशन में केडब्ल्यू मॉल के पास हुआ। यहां मेरठ रोड के पास यूटर्न और एलिवेटेड रोड है। इससे आते वक्त नंदग्राम के आश्रम कट से वाहन रोजाना गलत दिशा में आते हैं। शुक्रवार को भी ऐसा ही हुआ। एक ट्रैक्टर-ट्रॉली गलत दिशा में दौड़ने लगी और वो सामने से आ रहे एक कैंटर से भिड़ गई। दोनों वाहनों में टक्कर हुई तो पीछे आ रहे अन्य वाहनों के पहिये थमने शुरू हो गए।

# अवैध कॉलोनी पर चला ग्रेनो प्राधिकरण का बुलडोजर

गौतम बुद्ध नगर। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के अधिसूचित क्षेत्र में अवैध निर्माण पर प्राधिकरण के द्वारा लगातार कड़ी कार्रवाई की जा रही है। बुलडोजर चला कर अवैध निर्माण को ढहाया जा रहा है। इसी कड़ी में प्राधिकरण की टीम ने ननवा का राजपुर में अवैध निर्माण को ढहा दिया। इस दौरान करीब 43 हजार वर्ग मीटर जमीन को कब्जा मुक्त कराया गया।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने ननवा का राजपुर में हुए अवैध निर्माण को ढहा कर 43 हजार वर्ग मीटर जमीन को मुक्त करा लिया। जमीन की कीमत करीब 87 करोड़ रुपये होने का अनुमान है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के ओएसडी हिमांशु वर्मा ने बताया कि गांव ननवा का राजपुर प्राधिकरण के अधिसूचित एरिया में है। कुछ कालोनाइजर गांव के खसरा नंबर -37 और 112 की करीब 43670 वर्ग मीटर जमीन पर अवैध प्लॉटिंग कर लिए थे। अवैध निर्माण हटाने के लिए धारा 10 की नोटिस भी जारी कर दी गई थी, लेकिन अवैध निर्माण न हटाने पर विगत 15 जनवरी को एफआईआर दर्ज करने के लिए तहरीर भी दे दी गई है। इन लोगों के द्वारा अवैध निर्माण को हटाया नहीं गया जिसके बाद ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के वरिष्ठ प्रबंधक नागेंद्र सिंह के नेतृत्व में प्राधिकरण की टीम मौके पर पहुची। प्राधिकरण ने पुलिस की मौजूदगी में तीन डंपर और तीन जेसीबी व अन्य अधिकारियों-कर्मचारियों के सहयोग से अवैध निर्माण को ढहा दिया।

# आईआईटी-बीएचयू गैंगरेप केस में 200 पेज की चार्जशीट दाखिल

## तीनों आरोपियों के रूट चार्ट, सीसीटीवी की डिटेल; छात्रा का बयान मजबूत आधार



**वाराणसी।** वाराणसी में आईआईटी-बीएचयू की छात्रा से गैंगरेप मामले में पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल कर दी। वारदात के 78वें दिन लंका थाना पुलिस ने सीजेएम कोर्ट में गुरुवार को 200 पेज की चार्जशीट दाखिल की। इसमें तीनों आरोपियों के रूट चार्ट, सीसीटीवी फुटेज, मोबाइल लोकेशन को आधार बनाया गया है। इसके साथ ही, पीड़ित छात्रा, उसके दोस्त और एक गार्ड के बयान को भी आरोपियों के खिलाफ आधार बनाया है।

पुलिस के मुताबिक, आरोपियों को सजा दिलाने के लिए सबसे मजबूत आधार पीड़ित छात्रा का बयान है। बाकी, इलेक्ट्रॉनिक सबूत सपोर्ट में हैं। आरोपियों ने 1 नवंबर की रात करीब 1: 30 बजे आईआईटी-बीएचयू कैंपस में दोस्त के साथ जा रही छात्रा से गैंगरेप किया था। गन पॉइंट पर कपड़े उतरवाकर वीडियो बनाए थे।

इस घटना के बाद कई दिनों तक कैंपस में स्टूडेंट्स ने विरोध-प्रदर्शन किया था। वारदात के 60 दिन बाद यानी 30 दिसंबर को पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया था। इनकी पहचान कुणाल पांडेय, सक्षम पटेल और आनंद उर्फ अभिषेक चौहान के तौर पर हुई थी। तीनों भाजपा आईटी सेल में जुड़े हुए थे और वाराणसी के ही रहने वाले हैं।

### मोबाइल डेटा भी कोर्ट में पेश किया

एसीपी भेलूपुर डॉ. अतुल अंजान त्रिपाठी ने बताया, चार्जशीट पीड़ित छात्रा और उसके दोस्त के बयान के आधार पर है। बयान को डिटेल में एक्सप्लेन किया है। तीनों आरोपियों के रूट चार्ट के बारे में भी बताया है। चार्ट में दिखाया गया कि आरोपी चेतगंज से सिगरा और इसके बाद आईआईटी-बीएचयू कैसे पहुंचे? इसके अलावा, आरोपियों की लोकेशन, कॉल डिटेल, सीसीटीवी और मोबाइल से बरामद कॉल डेटा, वॉट्सऐप चैट को भी कोर्ट में पेश किया है। आरोपियों से जब्त बुलेट का भी जिक्र किया गया है।

## देवरिया में शस्त्र लिपिक रिश्वत लेते गिरफ्तार

देवरिया। उत्तर प्रदेश के देवरिया में कचहरी परिसर में भ्रष्टाचार निरोधक दस्ते ने शुक्रवार को सहायक शस्त्र लिपिक को दस हजार रूपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के एक अधिकारी ने यहां बताया कि आज कलेक्ट्रेट परिसर में गोरखपुर एन्टी करप्शन की टीम ने सहायक शस्त्र लिपिक राजेश कुमार प्रसाद को दस हजार रिश्वत लेते गिरफ्तार कर लिया है। शिकायतकर्ता दीनानाथ यादव थाना बरियारपुर ने एन्टी करप्शन गोरखपुर में शिकायत की थी कि शस्त्र लाइसेंस की दूसरी प्रति जारी करने के लिए शस्त्र लिपिक राजेश कुमार प्रसाद उससे रिश्वत की मांग कर रहा है। उन्होंने बताया कि आज एन्टी करप्शन गोरखपुर की टीम ने कलेक्ट्रेट कचहरी परिसर से शिकायतकर्ता दीनानाथ यादव से दस हजार रूपये रिश्वत लेते राजेश कुमार को रंगे हाथ गिरफ्तार किया। कोतवाली में आरोपी लिपिक के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा लिखकर पूछताछ की जा रही है।

# फिरोजाबाद में हत्या के तीन आरोपी गिरफ्तार

एजेंसी

फिरोजाबाद। उत्तर प्रदेश में फिरोजाबाद जिले के टूंडला क्षेत्र में पुलिस ने करन हत्याकांड का खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेज दिया।

हत्याकांड के पीछे एक लड़की से त्रिकोणीय प्रेम संबंध होने का खुलासा हुआ है। आरोपी युवकों ने प्रेम संबंध में बाधक करन को रास्ते से हटाने के लिए योजनाबद्ध तरीके से हत्याकांड को अंजाम दिया गया था।

अपर पुलिस अधीक्षक रण विजय सिंह ने बताया कि थाना टूंडला में 14 जनवरी को सर्वेश देवी ने अपने पुत्र करन (19) के 13 जनवरी से लापता होने की जानकारी दी थी। पुलिस मुकदमा दर्ज कर युवक की तलाश कर रही थी।

16 जनवरी को मोहम्मदाबाद के समीप किशन होटल के पीछे खंडहरों में एक युवक की शव पड़े होने की जानकारी मिली थी। शव की शिनाख्त करन के रूप में हुयी।

परिजनो की आशंका के अनुसार पुलिस टीम हत्या आरोपियो की तलाश मे सक्रिय थी कि उसे आगरा रोड पर एक पंचर की दुकान पर मोटरसाइकिल में पंचर जुड़वा रहे आरोपियों की मौजूद होने की जानकारी मिली थी। पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए मौके पर पहुंच कर तीन युवको को हिरासत मे ले लिया गया।

थाना प्रभारी प्रमोद कुमार पवार द्वारा की गई पूछताछ में आरोपियो ने हत्या का जुर्म स्वीकार कर लिया। गिरफ्तार किए गए गौरव कुशवाहा ने जानकारी दी कि वह और पुष्पेंद्र एक लड़की से प्रेम करते थे जबकि वह लड़की पहले से ही करन से प्रेम करती थी। प्रयास और धमकाने के बाद भी करन उस लड़की से अपने संबंध समाप्त नहीं करने को तैयार था और ना ही वह लड़की करन को छोडने को तैयार नही थी। इसीलिये उसने पुष्पेंद्र के साथ करन को रास्ते से हटाने की योजना बनाकर उसकी हत्या की घटना को अंजाम दिया था।

# बलात्कार के आरोपी के परिजनों ने पुलिस पर किया पथराव

जौनपुर। उत्तर प्रदेश में जौनपुर जिले के मछलीशहर कोतवाली क्षेत्र में दुष्कर्म के आरोपी को हिरासत में लेने गयी पुलिस टीम पर आरोपी के परिजनो ने पथराव कर दिया। इस हमले में एक दरोगा और सिपाही चोटिल हो गये। पुलिस आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

पुलिस उपाधीक्षक मछलीशहर अजीत सिंह चौहान ने शुक्रवार को बताया कि गांव की एक महिला ने पिछले साल नवंबर में कोतवाली में दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कराया था। इसके बाद से आरोपी फरार चल रहा था। पुलिस को गुरुवार रात सूचना मिली कि आरोपी घर पर मौजूद है, ऐसे में छह पुलिसकर्मी तीन बाइक से उसे पकड़ने पहुंचे। वहां आरोपी से नोकझोंक हुई तो घर वालों ने पुलिस टीम को घेर लिया। पुलिस टीम आरोपी को गिरफ्तार कर ले जा रही थी, इसी दौरान परिजनों ने पथराव कर दिया। इसमें मछलीशहर कोतवाली के एसआई अखिलेश यादव, सिपाही धनंजय पाठक घायल हो गए।

सूचना पर मछलीशहर सीओ अजीत सिंह चौहान के नेतृत्व में मछलीशहर, मुंगराबादशाहपुर, पंवारा, तेजीबाजार व मीरगंज थाने की पुलिस गांव में पहुंची, जहां देर रात पूरे मामले की जांच पड़ताल की गई। परिजनों का आरोप है कि पुलिस सादे ड्रेस में आई थी और महिलाओं के साथ अभद्रता कर रही थी।

# फिरोजाबाद में नकली सोना कारोबारी की संपत्ति कुर्क

## 10 करोड़ की प्रॉपर्टी पर हुई कार्रवाई, आगरा-कानपुर समेत कई जिलों में दर्ज हैं 18 मुकदमे

**फिरोजाबाद।** फिरोजाबाद में ठगी के आरोपी सर्राफा कारोबारी की 10 करोड़ की संपत्ति पर एक्शन लिया गया है। नकली सोना देकर असली सोना लूटने वाले आरोपी संतोष उर्फ पप्पू की 10 करोड़ रुपये की अचल संपत्ति को प्रशासन ने कुर्क किया है।



प्रशासन की इस कार्रवाई से जिले के अन्य अपराधियों में हड़कंप मच गया। एसपी ग्रामीण रणविजय सिंह ने बताया कि आरोपी पर आगरा, फिरोजाबाद और कानपुर नगर में ठगी, गुंडा एक्ट, गैंगस्टर सहित 18 मुकदमे दर्ज हैं। आरोपी ने गुंडई के दम पर पूरी संपत्ति अर्जित की थी।

आरोपी ने आगरा व कानुपर में सर्राफा कारोबारियों को नकली सोना देकर असली होना लूटा था। टप्पेबाजी और ठगी करने में उस्ताद था। जिले में एसएसपी के बदलते ही सिरसागंज, नगला खंगर और अरांव थाने की पुलिस ने डीएम और एसएसपी के आदेश पर अब तक की सबसे बड़ी कुर्की की कार्रवाई की है। थाना सिरसागंज के गांव नगला बाग निवासी संतोष उर्फ पप्पू एक पेशेवर अपराधी है। इसके खिलाफ आगरा में दो, कानपुर नगर में तीन सहित कुल 18 मुकदमा दर्ज हैं।

आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की तैयारी पिछले चार महीने से की जा रही थी। चार माह पहले आरोपी संतोष व उसके छह साथियों को जेल भेजा गया था। इसके बाद उसकी संपत्ति का ब्यौरा जुटाया जा रहा था। पूरा काला चिट्ठा तैयार कर डीएम और एसएसपी के पास इसकी रिपोर्ट भेजी गई थी। आला अधिकारियों से अनुमोदन मिलने के बाद पुलिस और प्रशासन की टीम ने उक्त आरोपी संतोष की 9.92 करोड़ की संपत्ति को कुर्क किया है।

इसमें स्कूल, भट्टा, खेत और कई दुकानें शामिल हैं। सिरसागंज के तत्कालीन और वर्तमान सीओ शिकोहाबाद प्रवीन तिवारी इस मामले का नेतृत्व कर रहे थे। सीओ ने आरोपी के खिलाफ पूरी जांच की थी। जांच के बाद पूरी फाइल डीएम और एसएसपी को अनुमोदन के लिए भेज दी थी। सीओ ने अपराधी का काला-चिट्ठा तैयार करने के बाद पुलिस टीमों को कार्रवाई के लिए लगाया था।

# मां ने डांटा तो युवती ने लगा ली फांसी

## अप्रैल में होनी थी शादी, रोती-बिलखती मां हुई बदहवास

संतकबीर नगर। संतकबीर नगर में शुक्रवार को एक युवती ने फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया। परिजनों के मुताबिक घर के कामकाज को लेकर उसकी मां ने उसे डांट दिया था। इसके बाद युवती ने यह कदम उठाया है। वहीं परिजनों ने यह भी बताया कि बेटी की अप्रैल में शादी होनी थी। मामला बेलहर थाना क्षेत्र के हसवापार गांव का है। घटना की सूचना स्वजनों ने बेलहर पुलिस को दी। इसके बाद पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के मुताबिक जांच-पड़ताल की गई है। आगे की कार्रवाई जारी है। हसवापर गांव में शुक्रवार की सुबह मनीषा पुत्री राम किशुन उम्र 21 वर्ष ने फंदे से लटककर जान दे दी। मृतक की मां सुशीला देवी ने बताया कि मनीषा को घर का कार्य करने के लिए डांटकर सुबह छोटी लड़की को लेकर खेत में घास काटने के लिए चली गई थी। वहां से वापस आई तो दरवाजा बंद था। आवाज देने के बाद भी नहीं खुला तो धक्का देकर खोला गया। अंदर देखा तो मनीषा संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से लटकी हुई थी, जिसकी शादी भी अप्रैल में होनी थी। मृतका के पिता मुंबई में रहकर मजदूरी का काम करते है उसके पास एक बहन व दो भाई भी हैं। घटना की सूचना बेलहर पुलिस को दी गई, जिसके बाद पहुंचे मेंहदावल सीओ राघवेंद्र सिंह राठौर व बेलहर एसओ सरोज शर्मा ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुत्री का शव मिलने के बाद मा रो - रोकर दिया बेसुध हो जा रही है। वह अपने अपने आपको कोष रही है कि मुझे नहीं डांटना चाहिए था।

## इलाहाबाद विश्वविद्यालय पर 50 हजार का जुर्माना

प्रयागराज। इलाहाबाद विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र रहे अजय यादव सम्राट को इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बड़ी राहत दी है। अजय यादव को क्वालीफाई होने के बाद भी एमए इन वूमेन स्टडीज में एडमिशन न देने के मामले को अन्यायपूर्ण बताते हुए इलाहाबाद हाईकोर्ट ने इलाहाबाद विश्वविद्यालय प्रशासन पर 50000 का जुर्माना ठोका है। जुर्माने की राशि अजय यादव सम्राट को 15 दिनों के अंदर देने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने अपने आब्जर्वेशन में कहा है कि इसके बाद याचिकाकर्ता को क्या राहत दी जा सकती है यह देखना है।

# 25 किलो अफीम के साथ 3 सौदागर अरेस्ट

## बदायूं-बरेली के युवक कार से दिल्ली ले जा रहे थे खेप



मुरादाबाद। मुरादाबाद पुलिस ने अफीम के 50 किलो डोडा चूर्ण के साथ नशे के तीन सौदागरों को अरेस्ट किया है। इनमें से दो बरेली के और एक बदायूं का है। एसएसपी हेमराज मीणा ने बताया कि पकड़े गए युवकों से पूछताछ की जा रही है। युवक स्विफ्ट डिजायर कार की डिग्गी में दो बोरों में भरकर डोडा चूर्ण ले जा रहे थे। इस बारे में पूछताछ की जा रही है कि युवकों को ये डिलीवरी कहां देनी थी। एसएसपी ने बताया कि पाकबडा पुलिस की एक टीम संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान एक स्विफ्ट डिजायर कार को बागड़पुर पुल के नीचे रोका गया। इसकी तलाशी ली गई तो इससे दो प्लास्टिक के कट्टे बरामद हुए। जिनमें 25 कि0ग्रा0 अफीम का डोडा चूरा भरा हुआ था। इसकी बाजार में कीमत करीब 3 लाख रुपये है। एसएसपी ने बताया कि कार सवार नशे के तीन सौदागरों जफर अली उर्फ आसकार हुसैन पुत्र अब्दुल शकूर निवासी मोहल्ला ऊपर वारा थाना कोतवाली जिला बदायूं, इमरान पुत्र रफीक निवासी मोहल्ला ईदगाह कस्बा व थाना अलीगंज जिला बरेली और यामीन पुत्र रियासत निवासी मोहल्ला ईदगाह कस्बा व थाना अलीगंज जिला बरेली को मौके से अरेस्ट किया गया है। आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है। तीनों आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

# अमरोहा में डबल मर्डर के आरोपी की संपत्ति कुर्क

## पौने दो करोड़ की खेती की जमीन जब्त, हिस्ट्रीशीटर अशोक की तलाश कर रही पुलिस

अमरोहा। अमरोहा के गजरौला में बीते साल नो अक्टूबर की रात गंगा पार बसे गांव गुलालपुर में हुए डबल मर्डर में मुख्य आरोपी, हिस्ट्रीशीटर और 50 हजार के इनामी अशोक की पुलिस ने आज लगभग पौने दो करोड़ की खेती की जमीन कुर्क की है।



यह कार्यवाही गजरौला पुलिस ने हापुड़ के थाना सिंभावली क्षेत्र के गांव वीर सिंहपुर में की है। करीब बारह दिन पूर्व भी गजरौला पुलिस ने उसके लगभग 50 लाख के मकान पर कुर्की की कार्रवाई की थी।

दरअसल डबल मर्डर में फरार चल रहे हिस्ट्रीशीटर अशोक के खिलाफ कोर्ट ने वारंट जारी करते हुए न्यायालय में पेश होने के आदेश दिए थे। लेकिन हिस्ट्रीशीटर अशोक हाजिर नहीं हुआ। इतना ही नहीं पुलिस भी हिस्ट्रीशीटर अशोक को काफी खोजबीन के बाद भी तलाश नहीं कर पाई।

यही वजह है कि अब हिस्ट्रीशीटर अशोक पर 50 हजार का इनाम है। उसकी तलाश में अमरोहा पुलिस के साथ साथ यूपी एसटीएफ भी लगी है। न्यायालय के आदेश की अवहेलना करने के बाद कोर्ट ने हिस्ट्रीशीटर अशोक की संपत्ति को कुर्क करने का आदेश दिया।

जिसके बाद पुलिस ने आज फिर हिस्ट्रीशीटर अशोक की पौने दो करोड़ रुपए की खेती की जमीन को कुर्क किया है।

## जिलाधिकारी ने छात्रों को सिखाए सफलता के गुर

विशाल इंडिया/पुनीत मिश्रा



**सीतापुर।** जिलाधिकारी अनुज सिंह ने जी0आई0सी0 सीतापुर में स्थापित स्मार्ट क्लास रूम में जाकर बच्चों से वार्ता की। उन्होंने बच्चों को सफलता के गुर भी बताये। जिलाधिकारी ने सभी बच्चों को प्रेरित करते हुये कहा कि सभी अपनी रूचि के अनुसार बड़े लक्ष्य का निर्धारण करें और इसे पूरा करने के लिये निरन्तर कड़ी मेहनत करें। उन्होंने बच्चों से वार्ता कर निर्धारित किये गये लक्ष्यों के विषय में जानकारी प्राप्त की तथा उनकी काउंसलिंग कर उत्साहवर्धन भी किया। जिलाधिकारी ने बच्चों को लक्ष्य प्राप्ति हेतु प्रेरित करते हुये आवश्यक जानकारियां भी दीं। अभावों के बावजूद अपने अध्ययन को निरन्तर जारी रखने का जज्बा रखने वाले छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुये जिलाधिकारी ने जनपद स्तर से प्रदान की जाने वाली सभी सुविधाएं उपलब्ध कराने का आश्वासन भी दिया। उन्होंने कहा कि यदि व्यक्ति दृढ़तापूर्वक अपने लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु निरन्तर प्रयासरत रहे तो निश्चित ही वह सफल होगा एवं बाधाएं कभी भी लक्ष्य प्राप्ति में रूकावट नही बन पायेंगी। उन्होंने एन0डी0ए0 परीक्षा, सी0यू0ई0टी0 परीक्षा, सिविल सेवा परीक्षा आदि परीक्षाओं के विषय में जानकारी देते हुये बताया कि इन परीक्षाओं के तैयारी हेतु अभ्युदय कोचिंग संचालित की जा रही है, जिसका छात्र लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

## हनुमन महायज्ञ में शामिल हुए सीएम योगी

अयोध्या। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को अयोध्या दौरे पर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने तुलसी पीठाधीश्वर जगद्गुरु श्रीरामभद्राचार्य से भी मुलाकात की। पद्म पुरस्कार से सम्मानित श्रीरामभद्राचार्य के 75वें जन्मदिवस पर अयोध्या के काशीराम कॉलोनी के पास अमृत महोत्सव का आयोजन किया गया है। यह आयोजन 14 जनवरी से शुरू हुआ है, जो 22 जनवरी तक निरंतर चलेगा। आयोजन के छठवें दिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी यहां पहुंचे। आयोजन स्थल पर चल रही 1008 कुंडीय हनुमन महायज्ञ में शामिल हुए। योगी आदित्यनाथ ने आहुति देकर सुखी स्वस्थ व समृद्ध उत्तर प्रदेश की कामना की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सबसे पहले जगदगुरु श्रीरामभद्राचार्य के पास पहुंचे। अंगवस्त्र ओढ़ाकर उनका सम्मान किया।

# 25,000/-रुपये का इनामिया शातिर पुलिस मुठभेड़ मे गिरफ्तार, अवैध शस्त्र बरामद

विशाल इंडिया/पुनीत मिश्रा

**सीतापुर।** जनपद में चोरी/नकबजनी की घटनाओं के त्वरित अनावरण एवम् अपराधियों के विरुद्ध कठोरतम कार्यवाही हेतु जनपदीय पुलिस को एसपी चक्रेश मिश्रा द्वारा निर्देशित किया गया है। जिस क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी प्रकाश कुमार के निकट पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी सदर आलोक प्रसाद के नेतृत्व में एसओजी व थाना कोतवाली देहात की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा चोरी की घटनाओ में पंजीकृत अभियोगो में प्रकाश में आये वाछिंत चल रहे थाना खैराबाद के 25,000/- रूपये के इनामिया शातिर अपराधी शाकिर उर्फ टुण्डा उर्फ लूला पुत्र जंगबहादुर नि0 पनबडिया शेख सराय थाना खैराबाद जनपद सीतापुर को पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है।



जिससे एक अदद नाजायज तमंचा 315 बोर एक खोखा कारतूस 315 बोर, दो जिन्दा कारतूस 315 बोर व कुल 2200 रुपये बरामद हुए है। अभियुक्त उपरोक्त का एक बड़ा गिरोह है जो भिन्न भिन्न क्षेत्रों में निकल कर रैकी कर चोरी जैसी घटनाओ को अंजाम देते हैं। अभियुक्त थाना खैराबाद क्षेत्र में हुई चोरियों के संबंध में पंजीकृत मु0अ0सं0 427/23 धारा 457/380 भा0द0वि0 व मु0अ0सं0 501/23 धारा 379/411 भा0द0वि0 में काफी समय से वांछित चल रहा था, जिसकी शीघ्रातिशीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित करने हेतु पुलिस अधीक्षक द्वारा 25,000/- रू0 का इनाम घोषित किया गया था।

गिरफ्तार अभियुक्त शातिर एवं अभ्यस्त किस्म का अंतर्जनपदीय अपराधी हैं, जिसके विरुद्ध पूर्व में करीब आधा दर्जन अभियोग गोकशी, गैंगेस्टर एक्ट व चोरी के अभियोग पंजीकृत है।

## शार्ट न्यूज

### एसपी ने तेरई फाटक चौकी का किया निरीक्षण




ललितपुर। तालबेहट देर रात्रि को पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक द्वारा चौकी तेरई फाटक थाना तालबेहट का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान चौकी परिसर, कार्यालय, सीसीटीवी कैमरे, आरक्षी बैरक आदि का निरीक्षण किया गया। सम्पूर्ण चौकी परिसर में समुचित लाइट का प्रबन्ध करना एवं कार्यालय को स्वच्छ रखने हेतु निर्देशित किया गया। चौकी पर आने वाले फरियादियों की शिकायतों को चौकी प्रभारी द्वारा स्वयं सुनकर शत-प्रतिशत निस्तारण कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया। चौकी में लम्वित विवेचनाओं का गुण दोष के आधार पर विधिक निस्तारण करने व वांछित, वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी, अवैध शराब, मादक पदार्थों, पशु तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाने किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। आगामी श्रीराम मन्दिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम व राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस को दृष्टिगत रखते हुए चौकी प्रभारी को सतत निगरानी रखने व संदिग्धों की चैकिंग करने हेतु निर्देशित किया गया।

### एसपी ने पैदल गश्त कर कराया सुरक्षा का अहसास



ललितपुर। एसपी ने शुक्रवार को नगर में पैदल गश्त कर सुरक्षा का अहसास कराया। भीड़भाड़ वाली जगहों पर मिले संदिग्धों से पूछताछ कर चेतावनी दी। पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक द्वारा आगामी भगवान श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम व राष्टीय पर्व गणतंत्र दिवस तथा जुमे की नवाज के दृष्टिगत कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत मय पुलिस के साथ सदन साह से अभिलाषा पेट्रोल पम्प तक पैदल गश्त किया गया तथा व्यापारियों/आमजन मानस में सुरक्षा का भाव जागृत कर त्योहारों में शान्ति व्यवस्था बनाये रखने व सुरक्षा व्यवस्था के प्रति आश्वस्त कराया गया। एसपी द्वारा पैदल गस्त के दौरान व्यापारियों/ आमजन मानस से संवाद किया गया एवं उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी की गयी तथा दुकानों पर स्वेच्छा से सीसीटीवी कैमरे लगवाने हेतु प्रेरित किया गया कैमरे लगने से दिन व रात में होने वाले अपराध पर नजर रखी जा सकती है। जिससे अपराधियों के मन में भय का माहौल बना रहता है। किसी भी प्रकार की घटना के बारे में जानकारी प्राप्त होने पर डायल 112 व संबंधित थाने को सूचित करें जिससे अपराधियों के विरूद्ध समय से कार्यवाही की जा सकें।

### एसपी ने की जनसुनवाई

विशाल इंडिया/पुनीत मिश्रा

सीतापुर। एसपी चक्रेश मिश्र द्वारा पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई की गयी। इस दौरान पुलिस कार्यालय में आने वाले जनसामान्य की समस्याओं को सुनते हुए तथा उनकी समस्याओं के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित को आवश्यक आदेश-निर्देश दिए गए। तत्पश्चात एसपी चक्रेश मिश्रा द्वारा सम्पूर्ण पुलिस कार्यालय परिसर का भ्रमण कर विभिन्न शाखाओं वाचक कार्यालय, पत्र व्यवहार शाखा, आंकिक शाखा, प्रधान लिपिक शाखा, जनसूचना, मॉनिटरिंग सेल, डीसीआरबी, शिकायत प्रकोष्ठ एवं विशेष जांच प्रकोष्ठ आदि का निरीक्षण किया तथा जरूरी व्यवस्थाओं का अवलोकन किया गया। शाखाओं के निरीक्षण के दौरान विभिन्न रजिस्टर्स/अभिलेखों का अवलोकन कर उनके व्यवस्थित रख-रखाव तथा उन्हें अद्यावधिक रखने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही समस्त कर्मचारियों को निष्ठा, मेहनत, लगन व समर्पण की भावना से अपने-अपने दायित्यों का निर्वहन करने के निर्देश दिए गए।

### सोनभद्र में 102 एंबुलेंस में गूंजी किलकारी

सोनभद्र। सोनभद्र जिले में स्वास्थ्य विभाग की 108 व 102 एम्बुलेंस दिन प्रतिदिन अधिकारी से लेकर कर्मचारी तक सेवा में लगे हुए है। ताजा मामला सोनभद्र जिले सीएचसी शाहगंज का है। गर्भवती महिलाओं हेतु स्वास्थ्य विभाग द्वारा विशेष सुविधाएं दी जाती हैं। इन्हीं सुविधाओं के अंतर्गत बड़ा गांव प्रभावती पत्नी शंतलाल को जब प्रसव पीड़ा प्रारंभ हुई तो परिजनों ने निशुल्क 102 एंबुलेंस सेवा पर फोन किया। जब पायलट रामसमूझ एवं ईएमटी राकेश यादव द्वारा नियत समय पर बड़ा गांव में 102 एंबुलेंस सेवा प्रभावती को लेकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र शाहगंज पहुंचने के लिए चला। लेकिन बीच रास्ते में पहुंचने पर प्रभावती को असहनीय प्रसव पीड़ा शुरू हुई, ईएमटी राकेश यादव तथा पायलट रामसमूझ और परिजनों के सहयोग से एंबुलेंस में ही स्वस्थ नवजात शिशु को प्रभावती ने जन्म दिया फिर जोर-जोर से एंबुलेंस में किलकारियां गुजने लगी एंबुलेंस कर्मी कागजी औपचारिकता पूर्ण करने हेतु जच्चा -बच्चा को स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। इस सराहनीय कार्य को देखते हुए जिला प्रबंधक संदीप पटेल और जिला प्रभारी संतोष कुमार सिंह व जिला प्रभारी वरुण यादव ने ईएमटी राकेश यादव और चालक रामसमुझ सिंह को बहुत-बहुत बधाई दी।

### 50 लाख नकदी के साथ पांच गिरफ्तार

**आजमगढ़।** आजमगढ़ के मुबारकपुर में पुलिस ने 50 लाख की नकदी के साथ पांच हवाला कारोबारियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी आजमगढ़, मऊ, बहराइच, देवरिया, गोरखपुर, मऊ और जौनपुर में हवाला के पैसों की खपत करते थे। एसपी सिटी शैलेन्द्र लाल ने बताया कि आरोपियों के कब्जे से दो लग्जरी कार भी बरामद किया गया है। आरोपी आस-पास के जिलों में पैसे की सप्लाई करते हैं। इनका कारोबार विदेशों से संचालित होता है। पुलिस ने बताया कि ये लोग काफी दिनों से हवाला का काम करते थे। जिसकी गुप्त सूचना मिलने पर कार्रवाई की गई। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मोहम्मद अंजर, मोहम्मद आसिफ, अब्दुल मन्नान, नजीम अख्तर, आफताब अहमद के रूप में हुई है। एसपी सिटी शैलेन्द्र लाल ने बताया कि यह लोग काले धन को सफेद बनाते थे। आफताब अली का बेटा विदेश में रहता है, जो विदेश से हवाला कारोबार को संचालित करता है। पुलिस ने सूचना के आधार पर दो लोगों को गिरफ्तार किया है। जिसके बाद इस मामले में तीन अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। एसपी सिटी ने बताया कि आफताब अली का बेटा नजीब अख्तर का भाई है जो। सरायमीर में सोने और कपड़े का कारोबारी है। पुलिस ने बताया कि इससे राजस्व को बहुत नुकसान होता है। इन लोगों का दुबई से हवाला कारोबार संचालित होता था। आस-पास के सात जिलों में कारोबार करते थे।

### महराजगंज में सड़क हादसे में युवक की मौत

महराजगंज। महराजगंज के पनियरा में दर्दनाक सड़क हादसे में एक बाइक सवार की मौत हो गई। हादसा पनियरा- परतावल मार्ग पर बभनौली शिव मंदिर के पास हुआ। शुक्रवार को एक टेलर ट्रक के पहिए के नीचे आ गया।जिससे दबकर बाइक सवार की मौत हो गई।जबकि दूसरा व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए मेडिकल कालेज गोरखपुर ले जाया गया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। बताया जा रहा है कि मृतक अवध किशोर पुत्र शंकर वर्मा निवासी पडरौना, जिला कुशीनगर और जयशंकर वर्मा पुत्र गिरजा शंकर वर्मा निवासी पिपराइच, जिला गोरखपुर, पनियरा थाना क्षेत्र के ग्राम सभा बैजूडेहरा में रामशरन की पत्नी के दाह संस्कार में आए थे।यहां से दाह संस्कार कराकर वापस घर जा रहे थे। रास्ते में बभनौली चौराहे के पास दोनों मोटरसाइकिल सवार आपस में टकरा गए।जिससे अवध किशोर पुत्र शंकर वर्मा ट्रक के नीचे आ गया। अवध किशोर की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई।वहीं जयशंकर वर्मा गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे इलाज के लिए बीआरडी मेडिकल कॉलेज गोरखपुर भेजा गया है।

## अमेरिका से जापान खरीदेगा 400 टॉमहॉक मिसाइल

टोक्यो। चीन और उत्तर कोरिया की तरफ से मिल रही चुनौतियों के बीच जापान ने अमेरिका से 4 सौ टॉमहॉक मिसाइल खरीदने का निर्णय लिया है। इसके लिए जापान ने गुरुवार को अमेरिका के साथ 400 लैंड बेस्ड टॉमहॉक क्रूज मिसाइलों को खरीदने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए। इसका मकसद चीन और उत्तर कोरिया को ध्यान में रखते हुए अपने डिफेंस को और मजबूत बनाने की ओर बड़ा कदम उठाया है। अमेरिकी विदेशी सैन्य बिक्री कार्यक्रम के माध्यम से हुए सौदे के अनुसार, जापान उपकरण खरीदने के लिए लगभग 1.7 बिलियन अमेरिकी डॉलर का भुगतान करेगा। जापानी रक्षा मंत्रालय के मुताबिक जापान अगले साल अप्रैल से शुरू होने वाले वित्तीय वर्ष 2025 से तीन साल में भुगतान करेगा। जापान वित्तीय वर्ष 2026 और 2027 में नई टॉमहॉक ब्लॉक-5 मिसाइलें प्राप्त करने और उन्हें अपने समुद्री आत्मरक्षा बल एजिस विध्वंसक पर तैनात करने की योजना है। हालांकि, जापान ने अक्टूबर में, पिछले एडिशन, पुराने ब्लॉक-4 मॉडल की 200 तक खरीद करके एक साल पहले खरीदारी शुरू करने का फैसला किया था। जापान में अमेरिकी राजदूत रहम इमानुएल ने कहा कि अमेरिकी सेनाएं मार्च की शुरुआत में जापान के आत्मरक्षा बलों को टॉमहॉक्स का उपयोग करने के लिए प्रशिक्षण देना शुरू कर देंगी। टोक्यो में जापानी रक्षा मंत्री मिनोरू किहारा के साथ अधिग्रहण के संबंध में दस्तावेजों का आदान-प्रदान करते समय उन्होंने यह बयान दिया।रिपोर्ट के अनुसार, किहारा ने कहा कि जापानी सरकार ने टॉमहॉक्स की खरीद को आगे बढ़ाने का निर्णय लिया है, जिसकी मारक क्षमता लगभग 1,600 किलोमीटर है, यह बढ़ते गंभीर सुरक्षा माहौल के जवाब में लिया गया था।

## अमेरिकी सिंगर ने फिर की पीएम मोदी की तारीफ, कहा-अमेरिका चाहता है कि फिर पीएम बनें मोदी

नई दिल्ली। अमेरिकी सिंगर मैरी मिलबेन ने एक बार फिर मोदी की तारीफ की है। उन्होंने एक साक्षात्कार में कहा है कि भारत ही नहीं बल्कि अमेरिका में भी बड़ी संख्या में ऐसे लोग हैं जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को फिर पीएम बनना देखना चाहते हैं। उन्होंने भारत में होने वाले आम चुनाव 2024 में पीएम मोदी की जीत की भविष्यवाणी तक कर दी है। साथ ही उन्होंने भारत की नीतियों को भी सराहा है।



खास बात है कि बीते साल जून में पीएम मोदी के अमेरिका दौरे पर उन्होंने राष्ट्रगान जन गण मन भी गाया था। भारत में भी उनके प्रशंसक बड़ी संख्या में हैं। मिलबेन ने कहा, मैं यह निश्चित रूप से कह सकती हूं कि अमेरिका में प्रधानमंत्री के लिए काफी समर्थन है। मेरा मानना है कि कई लोग चाहते हैं कि वह दोबारा प्रधानमंत्री चुने जाएं, क्योंकि वह भारत के लिए सबसे अच्छे नेता हैं।उन्होंने कहा, मेरा मानना है कि यह चुनावी मौसम अमेरिका, भारत और पूरी दुनिया के लिए सबसे जरूरी चुनावी मौसम में से एक होने वाला है। ऐसे में नागरिक होने के तौर पर हमारे ऊपर भी बड़ी जिम्मेदारी है। भारत में मेरे प्यारे परिवारों को प्रोत्साहित करती हूं कि इस बार चुनाव में सुनिश्चित करें कि आपका वोट और आवाज सुनी जाए। उन्होंने कहा, यह कोई राज नहीं है... पूरा भारत जानता है कि मैं प्रधानमंत्री की बड़ी समर्थक हूं और मानती हूं कि वह भारत के लिए सबसे अच्छे नेता हैं और भारत-अमेरिका रिश्तों के लिए अच्छे नेता हैं। यही समय है जब हम नागरिक होने के तौर पर मुखर रहे, अपनी बातें साझा करें, उन नीतियों को साझा करें जो हमारे देश और हमारे नेताओं के लिए जरूरी है। उन्होंने कहा, हम सभी जानते हैं कि कैसे प्रधानमंत्री की नीतियों ने नक्शे पर भारत को असली आर्थिक खिलाड़ी के तौर पर स्थापित किया है।जहां तक इसके अमेरिका से संबंधित होने की बात है, वह सबसे अच्छे नेता हैं। कोई कॉम्पिटीशन है ही नहीं। मैं उम्मीद करती हूं कि उन्हें दोबारा चुना जाएगा, ताकि भारत और अमेरिका के रिश्ते आगे और भी मजबूत होते जाएं।हमारे पास हमारे देश में बदलाव लाने की शक्ति है।उन्होंने भारत की राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू का भी जिक्र किया। साथ ही कैबिनेट में महिला नेताओं को शामिल करने को लेकर भी पीएम की जमकर तारीफ की।

## पाकिस्तान में निष्पक्ष मतदान कराने सात सदस्यीय समिति गठित

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के कार्यवाहक प्रधानमंत्री अनवारुल हक काकड़ ने देश में आठ फरवरी को होने वाले आम चुनाव में निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित करने के लिए सात सदस्यीय समिति गठित की है। प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से जारी अधिसूचना में कहा गया है कि संचार, रेलवे तथा समुद्री मामलों के अंतरिम मंत्री शाहिद अशरफ तरार को समिति का प्रमुख बनाया गया है। समिति के अन्य सदस्यों में गृह सचिव, चार प्रांतीय मुख्य सचिव शामिल हैं। अधिसूचना के अनुसार समिति को चुनाव में सुरक्षा इंतजाम की निगरानी, चुनावों के सुचारू संचालन के लिए प्रशासनिक व्यवस्था और समन्वय से संबंधित मामलों की समीक्षा और समाधान करना जैसी जिम्मेदारियों का निर्वहन करना है। काकड़ पर देश में निष्पक्ष और स्वतंत्र चुनाव कराने की जिम्मेदारी है लेकिन उनपर सेना समर्थित राजनीतिक दलों के पक्ष में काम करने के लगातार आरोप लगते रहे हैं।

## मालवाहक विमान में लगी आग, हुई आपातकालीन लैंडिंग

वाशिंगटन । एटलस एयर के मालवाहक विमान को अमेरिका के मियामी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आपातकालीन लैंडिंग करनी पड़ी, क्योंकि प्रस्थान के तुरंत बाद इंजन में हवा में आग लग गई। एटलस एयर के हवाले से कहा गया कि चालक दल ने सभी मानक प्रक्रियाओं का पालन कर सुरक्षित रूप से एमआईए लौट आए। कार्गो कंपनी ने कहा कि वह गुरुवार देर रात हुई घटना का कारण निर्धारित करने के लिए निरीक्षण करेगी। एक्स पर असत्यापित वीडियो में उड़ान के दौरान विमान के बाएं पंख से आग की लपटें निकलती दिख रही हैं। इसमें शामिल विमान बोइंग था जो चार जनरल इलेक्ट्रिक जीईएनएक्स इंजनों द्वारा संचालित था। हवाई अड्डे के अधिकारियों ने बताया कि घटना के बाद, आपातकालीन वाहनों ने प्रतिक्रिया दी और किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। कुछ दिन पहले, कैलिफोर्निया जाने वाली जेटब्लू की उड़ान में आग लगने की सूचना के बाद न्यूयॉर्क के जॉन एफ कैनेडी हवाई अड्डे के रनवे से उड़ान रद्द करनी पड़ी थी।

## स्वीडन, इटली और तुर्किये के अंतरिक्ष यात्री अंतरिक्ष स्टेशन के लिए रवाना

तुर्किये (ईएमएस)। स्वीडन और इटली के अंतरिक्ष यात्री एक चार्टर्ड स्पेसएक्स उड़ान से अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के लिए रवाना हुए। फाल्कन रॉकेट ने तीनों व्यक्तियों को लेकर नासा के केनेडी अंतरिक्ष केंद्र से उड़ान भरी। इन तीनों के पास सेना में पायलट का अनुभव है और वे अपने-अपने देश का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। उनके कैप्सूल के शनिवार को अंतरिक्ष स्टेशन पर पहुंचने की उम्मीद है। वे वहां दो सप्ताह का वक्त बिताएंगे। इस अभियान पर प्रत्येक देश का 5.5 करोड़ डॉलर या उससे अधिक का खर्च आया है। यह ह्यूस्टन की कंपनी एक्सियोम स्पेस की नासा और स्पेसएक्स के साथ ऐसी तीसरी यात्रा है। रूस दो दशक से अधिक समय से शुल्क लेकर लोगों को अंतरिक्ष स्टेशन पर ले जाता रहा है। नासा ने दो साल पहले इसकी शुरुआत की है। पूर्व लड़ाकू पायलट और तुर्किये एयरलाइन के कैप्टन अल्पर गेजेरावसी अंतरिक्ष में जाने वाले अपने देश के पहले व्यक्ति हैं। साथ ही कैप्सूल में सवार अन्य लोगों में स्वीडन के पूर्व लड़ाकू पायलट मार्कस वान्डेट और इतालवी वायु सेना के कर्नल वाल्टर विलादेइ शामिल हैं। वे अपने साथ जिन प्रतीकात्मक वस्तुओं को ले जा रहे हैं उनमें स्वीडन का एक नोबेल पुरस्कार, इटली का फुसिली पास्ता और तुर्किये की खानाबदोश संस्कृति के प्रतीक शामिल हैं।

## डेटा के भूखे है फेसबुक, इंस्टाग्राम

लंदन । फोन से डेटा लेने के मामले में फेसबुक और इंस्टाग्राम सबसे आक्रामक एप हैं। नई रिपोर्ट में इसका खुलासा हुआ है। साइबर सुरक्षा कंपनी सर्फशार्क ने 100 लोकप्रिय एप का विश्लेषण कर पाया कि फेसबुक और इंस्टाग्राम सबसे अधिक डेटा के भूखे हैं। शोधकर्ताओं ने कहा, चूंकि इंस्टाग्राम और फेसबुक मेटा प्लेटफॉर्म के उत्पाद हैं, इसलिए इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि ये दोनों एप एक ही तरह से डेटा एकत्र करते हैं। उन्होंने कहा, दोनों एप एप्पल द्वारा परिभाषित सभी 32 डेटा पॉइंट एकत्र करते हैं और ऐसा करने वाले केवल वहीं दो एप हैं।



स्विजरलैंड में सेंट मोरिट्ज से डेवोस आते समय ट्रेन से ली तस्वीर में चारों ओर बर्फ ही बर्फ नजर आयी।


## उत्तर कोरिया ने पानी में परमाणु हमला करने वाले ड्रोन का परीक्षण किया



सियोल । उत्तर कोरिया ने बताया कि सेना ने इस सप्ताह दक्षिण कोरिया, अमेरिका और जापान के संयुक्त नौसैन्य अभ्यास के जवाब में पानी में परमाणु हमले करने वाले ड्रोन का परीक्षण किया है। उत्तर कोरिया ने अपने दुश्मन देशों पर क्षेत्र में तनाव बढ़ाने का आरोप भी लगाया है। यह कथित ड्रोन परीक्षण उस वक्त किया गया है, जब कुछ ही दिन पहले देश के नेता किम जोंग उन ने कहा था कि उनका देश द.कोरिया के साथ सुलह का प्रयास नहीं करेगा। साथ ही उन्होंने युद्ध में विभाजित देशों के बीच साझा राष्ट्र के विचार को खत्म करने के लिए उत्तर कोरिया के संविधान को फिर से लिखने का आह्वान किया। उत्तर कोरिया के रक्षा मंत्रालय ने कहा, हमारी सेना की जल के भीतर परमाणु-आधारित जवाबी कार्रवाई को और अधिक मजबूत किया जा रहा है और इसकी जल के भीतर तथा समुद्री कार्रवाइयां अमेरिका और उसके सहयोगियों की नौसेनाओं के शत्रुतापूर्ण सैन्य युद्धाभ्यास को रोकना जारी रखेंगी।

## आतंकवादियों पर इस्लामाबाद की निष्क्रियता, घरेलू दबाव ने ईरान को पाकिस्तान पर हमला करने के लिए किया मजबूर

**तेहरान (एजेंसी)।** पाकिस्तान और ईरान ने संकेत दिए हैं कि वे नहीं चाहते कि स्थिति और बिगड़े। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मुमताज ज़हरा बलूच ने ब्लूमबर्ग से कहा कि वे तनाव नहीं बढ़ाना चाहते। उन्होंने कहा कि हमें भी उनकी ओर से इसी तरह की भावनाएं मिलीं। इसलिए हम इसे आगे बढ़ा रहे हैं। दोनों मुस्लिम देशों ने एक-दूसरे के क्षेत्र में %उग्रवादी% ठिकानों पर बमबारी की, जिससे संयुक्त राज्य अमेरिका और चीन को शांतिदूतों की भूमिका निभाने के लिए प्रेरित होना पड़ा। यहां उन अंतर्निहित कारणों पर एक नजर डाली गई है जिनके कारण संघर्ष शुरू हुआ।



रॉयटर्स ने तीन स्रोतों का हवाला देते हुए बताया कि पाकिस्तान पर ईरानी हमला देश की आंतरिक सुरक्षा को मजबूत करने के प्रयासों से प्रेरित था, न कि उसकी मध्य पूर्व महत्वाकांक्षाओं को आगे बढ़ाने के लिए। ईरान ने मंगलवार को सुन्नी आतंकवादी समूह जैश अल-अदल को निशाना बनाया। शिया बहुल देश का दावा है कि समूह का इस्लामिक स्टेट से संबंध है क्योंकि इसके कई आतंकवादी अब खत्म हो चुके, आईएसआईएस से जुड़े जुनदुल्लाह का हिस्सा थे। यह भड़कना ईरान और पाकिस्तान के बीच अलगाववादी समूहों और दूरदराज के सीमावर्ती क्षेत्रों से सक्रिय इस्लामी आतंकवादियों को लेकर लंबे संघर्ष का परिणाम था। वे अक्सर सरकारी ठिकानों पर हमला करते हैं और दोनों देश एक-दूसरे पर रक्तपात में शामिल होने का आरोप लगाते हैं। यूरेशिया ग्रुप के एक विश्लेषक ग्रेगरी ब्रू ने रॉयटर्स को बताया कि ईरान के हमले आतंकवादियों द्वारा की जाने वाली घरेलू हिंसा पर उसकी चिंताओं के कारण शुरू हुए थे। इस्लामिक स्टेट द्वारा ईरान में 3 जनवरी को किए गए हमले के कुछ दिनों बाद यह भड़क उठी है। उन्होंने कहा कि ईरानी नेतृत्व कुछ करने के घरेलू दबाव का जवाब दे रहा है। ईरान ने कहा कि वह अपने लोगों की सुरक्षा और क्षेत्रीय अखंडता को लाल रेखा मानता है। इसने पाकिस्तान से यह भी कहा कि वह अपनी धरती पर हथियारबंद आतंकवादियों को ठिकाना बनाने से रोके।

## मिस्र मालदीव, अंगोला और बेलारूस के अपने समकक्षों जयशंकर ने की मुलाकात

**कंपाला (एजेंसी)।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बृहस्पतिवार को मिस्र मालदीव, अंगोला और बेलारूस के अपने समकक्षों के साथ द्विपक्षीय बैठकें की, जिस दौरान उन्होंने उनके साथ आपसी हितों और बहुपक्षीय मंचों पर सहयोग बढ़ाने के मुद्दों पर चर्चा की। जयशंकर गुटनिरपेक्ष आंदोलन (एनएएम) के दो-दिवसीय शिखर सम्मेलन में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए कंपाला में हैं। उन्होंने मालदीव के विदेश मंत्री मूसा ज़मीर के साथ द्विपक्षीय संबंधों पर 'स्पष्ट बातचीत' की।

जयशंकर ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, 'बहुपक्षीय मंचों पर सहयोग के बारे में भी बात की। भारतीय नागरिकों के लिए वीजा-मुक्त व्यवस्था बढ़ाने के लिए उन्हें धन्यवाद दिया।' जयशंकर ने बेलारूस के विदेश मंत्री सर्गेई एलेनिक से भी मुलाकात की और विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग पर विचारों का आदान-प्रदान किया। उन्होंने 'एक्स' पर पोस्ट किया, 'बेलारूस के विदेश मंत्री सर्गेई एलेनिक के साथ एक सार्थक बैठक। विभिन्न क्षेत्रों में भारत-बेलारूस सहयोग पर विचारों का आदान-प्रदान किया। साथ ही यूक्रेन संघर्ष से संबंधित घटनाक्रम पर भी चर्चा की।'

इससे पहले उन्होंने अपनी यात्रा की कुछ तस्वीरें भी साझा कीं और लिखा, 'उन्नीसवें एनएएम शिखर सम्मेलन में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए कंपाला पहुंचा हूं।' भारत ने एनएएम और जी-77 समूह के शिखर सम्मेलन की मेजबानी में युगांडा के सहयोग के लिए देश को मदद स्वरूप 10 बसें, पांच एम्बुलेंस, 10 ट्रैक्टर और कुछ ध्वज स्तंभ प्रदान किए हैं। जयशंकर की कंपाला यात्रा युगांडा और नाइजीरिया के उनके दो देशों के दौरे का हिस्सा है। विदेश मंत्रालय (एमईए) ने उनकी यात्रा से पहले नयी दिल्ली में एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि कंपाला के बाद विदेश मंत्री 21 जनवरी से नाइजीरिया की तीन दिवसीय यात्रा करेंगे।

विज्ञप्ति में कहा गया है कि युगांडा के नेतृत्व में एनएएम शिखर सम्मेलन 120 से अधिक विकासशील देशों को ऐतिहासिक महत्व के अहम मंच पर एक साथ लाता है। शिखर सम्मेलन का विषय 'साझा वैश्विक समृद्धि के लिए गहन सहयोग' है और इससे पहले मंत्री और वरिष्ठ अधिकारियों के स्तर पर विचार-विमर्श किया जाएगा। विदेश राज्य मंत्री राजकुमार रंजन सिंह एनएएम विदेश मंत्रियों की बैठक में भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं।

## ब्रिटेन के 3 सांसदों ने कश्मीरी पंडितों को न्याय देने की मांग की

लंदन। ब्रिटेन के 3 सांसदों ने एक प्रस्ताव में भारत सरकार से कश्मीरी पंडितों को न्याय देने की मांग की है। ब्रिटेन सरकार से इस नरसंहार के पीड़ितों के पक्ष में अपनी प्रतिबद्धता जताने का आग्रह किया है। प्रस्ताव 19 जनवरी से पहले आया जिसे कश्मीरी पंडित 1990 में पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादियों की धमकियों और हत्याओं के कारण कश्मीर से पलायन की याद में निर्वासन दिवस के रूप में मनाते हैं। ब्रिटेन की संसद की वेबसाइट पर उपलब्ध अर्ली डे मोशन के अनुसार कंजर्वेटिव पार्टी के सांसद बॉब ब्लैकमैन, डेमोक्रेटिक यूनियनिस्ट पार्टी के नेता जिम शैनन और लेबर पार्टी के नेता वीरेंद्र शर्मा ने 15 जनवरी को 2023-24 सत्र के लिए भारत में जम्मू-कश्मीर के कश्मीरी पंडितों के नरसंहार की 34वीं बरसी विषय पर प्रस्ताव पेश किया है।

## इजरायली सैनिक के बेटे का सिर काटकर हमास ने नीलाम कर दिया

**- इजरायली सैनिक के पिता का दावा**

**तेल अवीव (एजेंसी)।** एक शहीद इजरायली सैनिक के पिता ने दावा किया कि हमास के आतंकियों ने उनके 19 वर्षीय बेटे का गला काटकर हत्या की और सिर काटकर गाजा ले गए । फिर कटे हुए सिर को इजरायली सैनिक का सिर बताकर लाखों में नीलाम कर दिया। इजरायल के स्थानीय चैनल 14 को दिए इंटरव्यू में डेविड ताहर ने हमास आतंकियों को लेकर सनसनीखेज खुलासे किए हैं। वह बताते हैं कि उनका बेटा अदीर ताहर इजरायली सेना का सदस्य था। जब सात अक्टूबर को इजरायल पर हमास आतंकियों ने अचानक हमला किया तो कई सैकड़ों लोगों की जान ले ली। इस हमले के दौरान हमास के आतंकियों ने उनके 19 वर्षीय बेटे अदीर को भी मार डाला। इतना ही नहीं, उनके बेटे के शव के साथ दरिंदगी भी की गई। दुखी पिता ने कहा कि उनके बेटे का शव इज़राइल के राष्ट्रीय कब्रिस्तान माउंट हर्ज़ल में पहुंचने के बाद मिला, जब उन्होंने ताबूत खोलकर बेटे की पहचान की। बेटे का शव डीएनए टेस्ट के बाद पहचाना गया। शव पहचानने योग्य नहीं था। डेविड ने कहा, मैंने डीएनए परीक्षण और उसकी पैंट में मौजूद चीजों से उसकी पहचान की। वह बताते हैं कि उसके बाद दो महीनों तक मैं बेटे के सिर के लिए भटकता रहा। इंटरनेट पर मुझे कई डरावने वीडियो और तस्वीरें मिली, जिससे पता लगा कि आतंकी उनके बेटे का सिर गाजा ले गए हैं। बाद में, आधिकारिक सूचना मिली कि हमास आतंकियों ने उसके बेटे के सिर को एक सैनिक के सिर के रूप में प्रचारित करके 10,000 डॉलर (करीब आठ लाख रुपए) में बेचने की कोशिश की थी।

## फिर भड़के ट्रम्प- जज की तरफ उठा दिया हाथ

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प तमाम विवादों से घिरे न्यायालय के चक्कर लगा रहे हैं,लेकिन उनका गुस्सा कम नहीं हो रहा है। एक विवाद सुलझता नहीं और दूसरा खड़ा हो जाता है। अब एक नया बखेड़ा हो गया है। ट्रम्प इस बार तो वह जज की टिप्पणियों पर ऐसे आग बबूला हुए कि उनकी तरफ हाथ ही उठा दिया। दरअसल,नागरिक धोखाधड़ी मामले में मैनहटन कोर्ट में सुनवाई हो रही थी। जब उनके वकील मामले की पैरवी कर रहे थे, तब ट्रम्प बार-बार पीछे से बोलते जा रहे थे। इससे मामले की सुनवाई कर रहे जज लुईस ए कपलान ने पूर्व राष्ट्रपति को टोका और चुप रहने को कहा।

क्रॉली ने फिर शिकायत की, जिसमें ट्रम्प द्वारा कहा जा रहा था कि यह एक जादू टोना है और यह वास्तव में एक धोखाधड़ी है। इस पर जज ने कड़ी चेतावनी जारी करते हुए कहा कि आपको अदालत से बाहर कर दिया जाएगा। जज की तरफ हाथ उठाने के थोड़ी देर बाद ट्रम्प ने कहा, मुझे अच्छा लगेगा। इस पर जज कपलान ने ट्रंप से कहा कि आप जाहिर तौर पर इन परिस्थितियों में खुद को नियंत्रित नहीं कर सकते।हालांकि, ट्रम्प को अंततः अदालत से बाहर नहीं निकाला गया, लेकिन बुधवार शाम को एक राजनीतिक रैली के लिए न्यू हैम्पशायर वापस जाने से पहले, उन्होंने मामले में जज पर हमला करने के लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया। ट्रम्प ने जज पर हमला बोलते हुए कहा कि मुझे पता है कि बिल क्लिंटन द्वारा बहाल लोग ऐसा ही करेंगे। ट्रम्प ने जज कपलान को बुरा और नफरती जज करार दिया।



रिपोर्ट के मुताबिक, जब ट्रम्प फिर भी चुप नहीं हुए और बार-बार बीच में बोलते रहे तो जज ने उन्हें अदालत से बाहर करने की धमकी दे डाली। जज ने कहा कि अगर वह बार-बार अदालती सुनवाई में बाधा डालेंगे तो उनके अधिकार जब्त कर लिए जाएंगे। इस पर डोनाल्ड ट्रम्प जज पर भड़क गए और विरोध में जज की तरफ गुस्से में अपने हाथ उठा दिए। जज ने ट्रम्प के वकील को भी लताड़ लगाई। ट्रम्प के खिलाफ यौन उत्पीड़न केस में गवाह रहीं ई.जीन कैरोल द्वारा दायर एक मानहानि केस में पूर्व राष्ट्रपति लंबे समय से अदालत में पेश नहीं हो रहे थे। बुधवार को आखिरकार वह इस मामले में ट्रायल कोर्ट के सामने पेश हुए थे। कोर्ट में जब गवाह के रूप में, ई. जीन कैरोल ने जूरी को बताया कि कैसे ट्रम्प के कथित यौन उत्पीड़न के बारे में सार्वजनिक होने के बाद उनके बयानों ने उनकी प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाया और उन पर धमकी भरे संदेशों से हमला हुआ। पिछले साल एक सिविल जूरी ने कैरोल के आरोपों को विश्वसनीय पाया था। ट्रम्प पिछले साल कैरोल के मानहानि मुकदमे में पेश नहीं हुए थे, लेकिन इस सप्ताह अदालत कक्ष में उनकी उपस्थिति हुई। जूरी द्वारा माफी दिए जाने के बाद, कैरोल के वकील शॉन क्रॉली ने ब्रेक से पहले ट्रम्प की टिप्पणी के बारे में शिकायत की। जब जज कपलान ब्रेक से लौटे तो उन्होंने ट्रम्प से कहा कि वह अपने वकीलों से बात करते समय अपनी आवाज़ कम रखें ताकि जूरी उनकी बात सुन सके।

## चीन ने पाकिस्तान को थमाए घटिया रडार, हमला करने आए ईरानी ड्रोन को नहीं पकड़ पाए

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तान ने चीन को अपना जिगरी दोस्त माना था। उसे लगता था कि चीन हर संकट में उसका साथ देगा। यही समझकर पाकिस्तान ने चीन से रडार खरीद लिए। उसे लगा कि इससे पाकिस्तान की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया जा सकता है, लेकिन चीन ने अपने दोस्त पाकिस्तान को घटिया रडार थमा दिए।

चीन के घटिया रडार की पोल उस वक्त खुली जब ईरान ने रातों रात पाकिस्तान में एयरस्ट्राइक करके आतंकी ठिकानों को ध्वस्त कर दिया। तब पता चला की चीन से लाए गए रडार ड्रोन को कैप्चर ही नहीं कर पाए। अब लुटा पिटा पाकिस्तान चीन पर घटिया रडार देने के आरोप लगा रहा है और कह रहा है कि पाकिस्तान में हुई एयर स्ट्राइक पर अमेरिका ने ईरान की निंदा की है लेकिन चीन के मुंह से एक भी शब्द नहीं निकला है।

दरअसल, ईरान ने मंगलवार को पाकिस्तान में स्थित आतंकी संगठनों पर ड्रोन अटैक किया था। इसके बाद अमेरिका समेत कई देशों ने ईरान के हमले की निंदा की लेकिन चीन ने इस मामले पर चुप्पी साध ली है। इतना ही नहीं चीन द्वारा पाकिस्तान को दिए गए इंटरसेप्ट रडार भी ईरान के ड्रोन को कैप्चर नहीं कर पाए। घटिया क्वालिटी के रडार सिस्टम से भी पाकिस्तान नाराज बताया जा रहा है। ऐसा पहली बार नहीं है कि चीन द्वारा पाकिस्तान को दिए गए रडार फेल हुए हैं। पहले भी कई मौकों पर चीन के रडार धोखा दे चुके हैं। साल 2022 में राजस्थान बॉर्डर पर गलती से पाकिस्तान में ब्रह्मोस मिसाइल फायर हुई थी। लेकिन चीन के रडार उसे भी इंटरसेप्ट करने में विफल रहे थे।

चीन के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने प्रेस वार्ता में कहा, ''क्या आप कह रहे हैं पाकिस्तान ने ईरान पर हमले किए? मैं इससे अवगत नहीं हूं। उनसे यह पूछा गया था कि क्या चीन, ईरान के अंदर पाकिस्तान के हवाई हमलों से वाकिफ है। माओ ने कहा, ''लेकिन हम इस पर गौर कर रहे हैं और चीन का हमेशा से मानना रहा है कि देशों के बीच संबंधों को संयुक्त राष्ट्र चार्टर और अंतरराष्ट्रीय कानून के उद्देश्यों एवं सिद्धांतों के आधार पर संभाला जाना चाहिए।

माओ निंग ने कहा कि सभी देशों की संप्रभुता, स्वतंत्रता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान और सुरक्षा की जानी चाहिए। उन्होंने कहा, ''ईरान और पाकिस्तान करीबी पड़ोसी और प्रभाव रखने वाले देश हैं। हमें उम्मीद है कि दोनों पक्ष संयम और शांति बरतेंगे तथा तनाव बढ़ाने से दूर रहेंगे। अगर जरूरत पड़ी तो हम स्थिति को सामान्य करने में रचनात्मक भूमिका निभाने के लिए तैयार हैं।पाकिस्तान के एक पत्रकार द्वारा यह पूछे जाने पर कि क्या चीन, सुन्नी चरमपंथी समूह जैश-अल-अदल के एक शिविर पर ईरान के हवाई हमले को संयुक्त राष्ट्र चार्टर के सिद्धांतों एवं अंतराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन मानता है, माओ ने कहा, ''मैंने अभी-अभी चीन का रुख जाहिर किया है। उन्होंने कहा कि उनका मानना है कि दोनों पक्ष अपने विवादों का हल परामर्श और वार्ता के जरिये करेंगे। चीन की मध्यस्थता की पेशकश एक कठिन राह हो सकती है क्योंकि सुन्नी बहुल देश पाकिस्तान और मुख्य रूप से शिया बहुल ईरान के बीच अच्छे संबंध नहीं हैं।

वहीं अब चीन ने बीते दो दिनों में पाकिस्तान और ईरान द्वारा एक-दूसरे के खिलाफ मिसाइल हमले किये जाने के बाद दोनों देशों के बीच उपजे तनाव को घटाने में रचनात्मक भूमिका निभाने की पेशकश की है।



चीन ने दोनों देशों से ''संयम बरतने और टकराव टालने को कहा है। पाकिस्तान ने ईरान के सिस्तान-बलूचिस्तान प्रांत में, कथित आतंकी ठिकानों पर गुरूवार तड़के हमले किये, जिनमें नौ लोग मारे गए। ये हमले, पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में मंगलवार को सुन्नी बलूच चरमपंथी समूह 'जैश-अल-अदल के दो ठिकानों को निशाना बना कर किये गये। ईरान के मिसाइल एवं ड्रोन हमलों के बाद किये गए। इस घटनाक्रम ने चीन को असमंजस की स्थिति में डाल दिया है क्योंकि पाकिस्तान उसका करीबी मित्र है जबकि ईरान ने हाल के वर्षों में पश्चिम एशिया क्षेत्र में चीन को अपना प्रभाव बढ़ाने में मदद की है। चीन, ईरान से काफी मात्रा में तेल का भी आयात करता है।

# अंडर 19 विश्व कप के पहले मुकाबले में आज बांग्लादेश पर जीत दर्ज करने उतरेगी भारतीय टीम

**ब्लोमफोंटेन (एजेंसी)।** भारतीय जूनियर क्रिकेट टीम शनिवार को आईसीसी अंडर 19 विश्व कप के पहले मुकाबले में बांग्लादेश से खेलेगी। भारतीय टीम की कप्तानी उदय सहारन करेंगे। अंडर 19 विश्व कप में भारतीय टीम को ग्रुप ए में यूएई, बांग्लादेश और आयरलैंड के साथ रखा गया है। भारतीय टीम को 2020 में आयोजित अंडर 19 टी20 विश्व कप में बांग्लादेश की टीम ने ही फाइनल में 3 विकेट से हराकर खिताब जीता था। ऐसे में भारतीय टीम का लक्ष्य इस बार उससे हिसाब बराबर करना रहेगा।

भारतीय टीम बांग्लादेश के बाद 25 जनवरी को आयरलैंड का सामना करेगी। वहीं अंतिम लीग मैच में भारतीय टीम 28 जनवरी को यूएई से खेलेगी।

भारतीय टीम ने सबसे अधिक अंडर-19 खिताब जीते हैं और इस बार भी उसका लक्ष्य ये सिलसिला आगे बढ़ाना रहेगा।

ग्रुप ए में पांच बार की चैम्पियन भारतीय टीम बांग्लादेश के बाद आयरलैंड और अमेरिका से खेलेगी। भारतीय टीम ने साल 2002 में मोहम्मद कैफ की कप्तानी में पहला खिताब जीता था। उसके बाद से 2008, 2012, 2018 और 2022 में भारत चैम्पियन रहा। इसमें चार समूहों में चार चार टीमें रखी गई है। हर समूह से शीर्ष तीन टीमें सुपर सिक्स में पहुंचेंगी। इसका सेमीफाइनल आठ और छह फरवरी को जबकि फाइनल 11 फरवरी को बेनोनी में खेला जाएगा।

भारतीय टीम में अर्शिन कुलकर्णी भी हैं जो आईपीएल में अनुबंध पाने वाले इस टीम के दो खिलाड़ियों में से एक हैं। अर्शिन ने टूर्नामेंट में नौ छक्के लगाए थे। इसके अलावा टीम में मुशीर खान और राज लिम्बानी जैसे अच्छे खिलाड़ी हैं।





**टीम**

**भारत**ः उदय सहारन (कप्तान), अर्शिन कुलकर्णी, आदर्श सिंह, रूद्र मयूर पटेल, सचिन दास, प्रियांशु मोलिया, मुशीर खान, अरावेली अवनीश राव, स्वामी कुमार पांडे, मुरूगन अभिषेक, इनेश महाजन, धनुष गौड़ा, आराध्य शुक्ला, राज लिम्बानी, नमन तिवारी।

**बांग्लादेश**ः महफुजूर रहमान रब्बी (कप्तान), आशिकुर रहमान शिबली, जिशान आलम, आरिफुल इस्लाम, मोहम्मद शिहाब जेम्स, अहरार अमीन, शेख परवेज जिबोन, वासी सिद्दीकी, मारूफ एम, चौधरी मोहम्मद रिजवान, आदिल बिन सिद्दीक, मोहम्मद अशरफुज्जामन, मोहम्मद रफी उज्जामन रफी, रहनत दौला बोरसन, इकबाल हुसैन एमन।

## बोपन्ना-इबडेन की जोड़ी ऑस्ट्रेलियाई ओपन के तीसरे दौर में पहुंची



**मेलबर्न (एजेंसी)।** भारत के रोहन बोपन्ना और ऑस्ट्रेलिया के मैथ्यू इबडेन की दूसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी को शुक्रवार को यहां आस्ट्रेलियाई ओपन के पुरुष युगल के तीसरे दौर में पहुंचने के लिए जरा भी पसीना नहीं बहाना पड़ा। बोपन्ना और इबडेन की जोड़ी ने जॉन मिलमैन और एडवर्ड विंटर की स्थानीय वाइल्डकार्ड जोड़ी को एक घंटे से जरा ज्यादा समय तक चले दूसरे दौर के मैच में 6-2, 6-4 से पराजित किया।

अब तीसरे दौर में इस जोड़ी की भिड़ंत नीदरलैंड के वेस्ले कूलहोफ और क्रोएशिया के निकोला मेकटिच की 14वीं वरीयता प्राप्त जोड़ी से होगी। भारत के 43 वर्षीय बोपन्ना और इबडेन ने अपने प्रतिद्वंद्वियों पर हर तरफ से दबदबा बनाया। उन्होंने पहली सर्विस में 80 प्रतिशत अंक जुटाये जबकि मिलमैन और विंटर की जोड़ी 68 प्रतिशत ही ऐसा कर पायी। बोपन्ना-इबडेन ने इस दौरान मैच की सबसे तेज सर्विस भी लगायी जो 203 किमी प्रति घंटे की रफ्तार वाली रही।

भारतीय-ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी ने प्रतिद्वंद्वी के 11 विनर की तुलना में 17 विनर जमाये। गुरुवार को पहले दौर के मैच में बोपन्ना-इबडेन ने आस्ट्रेलिया के जेम्स डकवर्थ और मार्क पोलमैंस की जोड़ी को 7-6 (7), 6-4, 7-6 (10) से मात दी थी। इससे पहले एक अन्य भारतीय श्रीराम बालाजी ने रोमानियाई जोड़ीदार विक्टर व्लाड कोर्निया के साथ मिलकर पुरुष युगल के दूसरे दौर में जगह बनायी।

उन्होंने इटली के मात्तेओ अर्नाल्डी और आंद्रिया पेलेग्रिनो को 6 . 3, 6 . 4 से हराया । अगले दौर में उनका सामना दसवीं वरीयता प्राप्त अल सल्वाडोर के मार्सेलो अरेवालो और क्रोएशिया के मेट पाविच से होगा। सत्र के पहले ग्रैंडस्लैम में भारत की एकल चुनौती गुरुवार को सुमित नागल की दूसरे दौर में चीन के जुनचेंग शांग से मिली हार से खत्म हो गई थी।

## फैंस का टूटा दिल ! पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई नहीं कर सकी भारतीय महिला हॉकी टीम



**रांची (एजेंसी)।** भारतीय महिला हॉकी टीम पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने से चूक गई जिसे एफआईएच ओलंपिक क्वालीफायर में तीसरे चौथे स्थान के मुकाबले में जापान ने 1-0 से हराया।

तोक्यो ओलंपिक में ऐतिहासिक चौथे स्थान पर रही भारतीय महिला हॉकी टीम की इस हार ने प्रशंसकों के दिल तोड़ दिए जो पेरिस में पदक की उम्मीद कर रहे थे। जापान के लिए काना उराता ने छठे मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर गोल किया।

यह बढ़त आखिरी मिनट तक बनी रही जबकि भारतीय टीम एक भी गोल नहीं कर सकी। भारत को मैच में नौ पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन एक पर भी गोल नहीं हो सका। अमेरिका और जर्मनी फाइनल में पहुंचकर पहले ही क्वालीफाई कर चुके हैं।

# मिचेल और फिलिप्स की शानदार बल्लेबाजी से न्यूजीलैंड ने चौथा टी20 भी जीता

**क्राइस्टचर्च (एजेंसी)।** डैरिल मिचेल और ग्लेन फिलिप्स की शानदार बल्लेबाजी से न्यूजीलैंड ने चौथे टी20 क्रिकेट मुकाबले में भी पाकिस्तान को सात विकेट से हरा दिया। मिचेल ने नाबाद 72 और ग्लेन फिलिप्स ने नाबाद 70 रन बनाकर पाक गेंदबाजों के हाथों से ये मुकाबला छीन लिया। इस मैच में 159 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए मेजबान टीम ने 20 रनों पर ही तीन विकेट खो दिये थे पर इसके बाद कीवी टीम के मध्यक्रम के बल्लेबाज ग्लेन फिलिप्स और डेरिल मिचेल ने चौथे विकेट लिए नाबाद 139 रन बनाकर अपनी टीम को लक्ष्य तक पहुंचा दिया। कीवी टीम ने ये लक्ष्य 18.1 ओवर में ही तीन विकेट पर 159 रन बनाकर हासिल कर लिया। इसी के साथ न्यूजीलैंड की टीम ने सीरीज में 4-0 की बढ़त हासिल कर ली है।

वहीं पाकिस्तान की ओर से तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी ने तीन विकेट लिये। इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए पाक की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसके सलामी बल्लेबाज सैम अयूब एक रन बनाकर ही पेवेलियन लौट गये।

इसके बाद बाबर आजम 19 रन और फखर जमान भी नौ रनों पर ही आउट हो गये। मोहम्मद रिजवान ने सबसे अधिक 90 रन बनाए। उन्होंने आजम के साथ दूसरे विकेट के लिए 51 रन बनाये। उन्होंने पांचवें विकेट के लिए इफ्तिखार अहमद 10 रन के साथ 40 रन जोडे। पाक टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में पांच विकेट पर 158 बनाये।



## अब शनिवार को हैदराबाद में अभ्यास शिविर में भाग लेगी भारतीय क्रिकेट टीम

मुम्बई । अफगानिस्तान के खिलाफ टी20 सीरीज में क्लीन स्वीप से उत्साहित भारतीय क्रिकेट टीम अब इंग्लैंड के खिलाफ होने वाली टेस्ट सीरीज को देखते हुए 20 जनवरी को हैदराबाद में एकत्र होगी । भारतीय टीम को अब इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू धरती पर 5 मैचों की टेस्ट सीरीज खेलनी है । इस सीरीज के लिए शामिल खिलाड़ियों को अफगानिस्तान के खिलाफ टी20 सीरीज के बाद 2 दिन का ब्रेक मिला है । अब सभी खिलाड़ी 20 जनवरी को हैदराबाद में एकत्र होकर इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज की तैयारी करेंगे । भारत और इंग्लैंड के बीच सीरीज का पहला टेस्ट मैच 25 जनवरी से हैदराबाद में खेला जाएगा । अफगानिस्तान के खिलाफ अंतिम टी20 मैच खेलने के बाद कप्तान रोहित शर्मा और अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली अपने-अपने घरों की ओर चले गये हैं । वहीं अन्य खिलाड़ी शनिवार को हैदराबाद में नेट अभ्यास करेंगे । रोहित और विराट के अलावा मुख्य कोच राहुल द्रविड़ भी अभी ब्रेक पर हैं । द्रविड़ और कोचिंग स्टाफ में शामिल सदस्य शनिवार को ही हैदराबाद पहुंचेंगे ।

## पाक क्रिकेट टीम के तीनों ही विदेशी कोचों आर्थर, ब्राडबर्न और पुटिक ने दिया इस्तीफा

कराची । पाकिस्तान क्रिकेट टीम के तीनों ही विदेशी कोचों ने इस्तीफा दे दिया है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने कहा है कि विदेशी कोच मिकी आर्थर, ग्रांट ब्राडबर्न और एंड्रयू पुटिक ने राष्ट्रीय टीम और बोर्ड के साथ अपने अपने पदों से इस्तीफा दे दिया है । वहीं एक रिपोर्ट के अनुसार इन तीनों से बातचीत कर उन्हें खुद ही इस्तीफा देने के लिए कहा गया था क्योंकि अगर पीसीबी उन्हें बर्खास्त करता तो अनुबंध के तहत छह महीने का वेतन देना पड़ता। गौरतलब है कि आईसीसी एकदिवसीय विश्वपक के बाद से ही टीम में आए बड़े बदलाव से विदेशी कोच नाराज चल रहे थे और उनके इस्तीफे के पीछे एक कारण ये भी था । पीसीबी ने विश्वकप के बाद कप्तान , चयनसमिति और कोच के साथ ही टीम डायरेक्टर में भी बदलाव किया था । भारत में एकदिवसीय विश्व कप के बाद पोर्टफोलियो में बदलाव करके कोचों को उन्हें राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में जिम्मेदारी सौंपी गई थी। इसी के तहत गेंदबाजी कोच मोर्नी मोर्कल को भी एनसीए भेज दिया गया था । इसके बाद मोर्कल ने भी अपना पद छोड़ दिया था ।

## टी20 में सबसे ज्यादा शतक लगाने के मामले में गेल पहले नंबर पर




मुम्बई । भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने अफगानिस्तान के खिलाफ अंतिम टी20 मैच में शतक लगाने के साथ ही एक अहम उपलब्धि हासिल की। वह टी20 अंतरराष्ट्रीय में सबसे अधिक शतक लगाने वाले बन गये हैं। वहीं अगर देखा जाये तो सबसे अधिक टी20 शतक का रिकार्ड वेस्टइंडीज के विस्फोटक बल्लेबाज क्रिस गेल के नाम है । गेल ने टी20 में सबसे ज्यादा शतक लगाये हैं । उनके नाम टी20 प्रारुप में 22 शतक हैं और कोई भी उनके करीब नहीं है । वहीं पाकिस्तान के बाबर आजम 10 शतक के साथ ही दूसरे नंबर पर हैं1 वहीं तीसरे नंबर पर भारतीय टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली और तीन अन्य खिलाड़ी हैं। विराट कोहली ने टी20 में कुल 8 शतक लगाये हैं। ऑस्ट्रेलिया के डेविड वार्नर, एरोन फिंच और माइकल कलिंगर के नाम भी इतने ही शतक हैं. ये चारों ही टी20 शतक के मामले में संयुक्त रूप से तीसरे नंबर पर आते हैं। वहीं रोहित के नाम टी20 प्रारुप में कुल 7 शतक हैं । उनके अलावा न्यूजीलैंड के के ब्रैंडन मैक्कुलम और इंग्लैंड के ल्यूक राइट के नाम भी सात-सात शतक हैं ।

## हसरंगा की शानदार गेंदबाजी से श्रीलंका ने जिम्बाब्वे को तीसरे टी-20 में हराकर सीरीज जीती


**कोलंबो (एजेंसी)।** स्पिनर वानिंदु हसरंगा की घातक गेंदबाजी से श्रीलंका ने यहां खेले गए तीसरे और अंतिम टी-20 मुकाबले में जिम्बाब्वे क्रिकेट टीम को 9 विकेट से हराकर सीरीज 2-1 से अपने नाम कर ली है। इस मैच में श्रीलंकाई टीम को जीत के लिए 83 रनों का आसान सा लक्ष्य मिला जो उसने पथुम निसंका के नाबाद 39 रनों और कुसल मेंडिस के 33 रनों की सहायता से 10.5 ओवर में भी एक विकेट के नुकसान पर 88 रन बनाकर हासिल कर लिया। धनंजय डीसिल्वा 15 रन बनाकर आउट नहीं हुए।

इस मैच में टॉस जीतकर श्रीलंकाई टीम ने जिम्बाब्वे को पहले बल्लेबाजी के लिए बुलाया। जिम्बाब्वे की टीम श्रीलंकाई गेंदबाजों के सामने टिक नहीं पायी और 14.1 ओवर में ही 82 रनों पर सिमट गयी। ब्रायन बेनेट ने सबसे अधिक 29 रन बनाए। वहीं शॉन विलियम्स ने 15 रन जबकि कप्तान सिकंदर रजा ने 10 और तिनाशे कामुनहुकांवे ने 12 रन बनाये। जिम्बाब्वे के छह खिलाड़ी दो अंकों तक भी नहीं पहुंच पाये। वहीं श्रीलंका की ओर से वानिंदु हसरंगा ने सबसे ज्यादा 4 विकेट लिए जबकि महीश तीक्ष्णा और एंजलो मैथ्यूज ने भी दो-दो खिलाड़ियों को आउट किया। धनंजय डीसिल्वा और दिलशान मदुशंका को एक-एक विकेट मिला।

तीसरे मैच में जीत के बाद श्रीलंकाई कप्तान वानिंदु हसरंगा ने अपनी टीम की प्रशंसा करते हुए कहा कि गेंदबाजों और क्षेत्ररक्षकों ने अच्छा प्रदर्शन किया। वहीं, जिमबाब्वे के कप्तान सिकंदर रजा ने अपनी गलती मानते हुए कहा कि हमारी बल्लेबाजी कमजोर रही और हम 82 रन ही बनाये पाये। इसी कारण टीम को हार का सामना करना पड़ा है।




## सबालेंका और गॉफ़ ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस के अंतिम 16 में पहुंची



मेलबर्न । बेलारुस की गत चैंपियन आर्यना सबालेंका ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस के अंतिम 16 में पहुंच गयी हैं । सबालेंका ने अपनी विरोधी लेसिया सुरेंको को 6-0, 6-0 से हराया । सबालेंका ने इसी के साथ ही यहां अपना दसवां मैच 52 मिनट में ही जीत लिया । इसी के साथ ही सबालेंका साल 2017 से 2019 तक यहां लगातार 10 जीत दर्ज करने वाली पहली खिलाड़ी बन गयी हैं। इससे पहले ये उपलब्धि अमेरिका की सेरेना विलियम्स के नाम थी । सबालेंका अब अपने अंतिम मुकाबले में संयुक्त राज्य अमेरिका की अमांडा अनिसिमोवा से खेलेंगी । अनिसिमोवा ने अपने करियर के पांच मुकाबलों में से चार में सबालेंका को हराया है। उनका पहला मुकाबला 2019 ऑस्ट्रेलियाई ओपन में हुआ, जिसे अनिसिमोवा ने 6-3, 6-2 से जीता था । इसी के साथ ही वह 16वें दौर में पहुंच गई। वहीं अन्य मैच में अमेरिका की कोको गॉफ़ ने अपने ही देश की ट्रेनिंग पार्टनर एलिसिया पार्क्स को 6-0 6-2 से हराकर चौथे दौर में जगह बनायी । गॉफ अब क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने के लिए मैग्डेलेना फ्रेच या क्वालीफायर अनस्तासिया ज़खारोवा का सामना करेगी ।

# मुंबई इंडियंस एमिरेट्स आईएलटी20 टूर्नामेंट में बेहतर प्रदर्शन के इरादे से उतरेगी : पूरन

**-मुंबई फ्रेंचाइजी का हिस्सा होने को शानदार अनुभव बताया**

**दुबई (एजेंसी)।** मुंबई इंडियंस एमिरेट्स के कप्तान निकोलस पूरन ने कहा है कि उनकी टीम लीग आईएलटी20 क्रिकेट टूर्नामेंट में बेहतर प्रदर्शन के लिए तैयार है। छह टीमों के आईएलटी20 टूर्नामेंट में ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज डेविड वार्नर सहित कई दिग्गज खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। पूरन ने कहा कि मुंबई फ्रेंचाइजी का हिस्सा होना शानदार अनुभव है पर इससे बेहतर प्रदर्शन का दबाव भी पड़ता है। यह फ्रेंचाइजी करीब एक दशक से टी20 क्रिकेट से जुड़ी हुई है और हर कोई जानता है कि मुंबई सबसे अच्छी फ्रेंचाइजी में से एक है। उन्होंने कहा कि एक ग्रुप के तौर पर हम जहां तक संभव हो बेहतर प्रदर्शन कर जीत हासिल करने का प्रयास करेंगे।



पूरन ने कहा कि मुंबई का प्रतिनिधित्व करना और खेलना बहुत दबाव भरा है पर यही इसका सकारात्मक पक्ष भी है। हम इस चुनौती को स्वीकार करते हैं। हम बतौर ग्रुप इस टूर्नामेंट के लिए तैयार हैं। हम उत्साहित हैं और हम सफल होना चाहते हैं हालांकि हम जानते हैं कि यह आसान नहीं रहेगा।

इस टूर्नामेंट में मुंबई अमीरात के अलावा अबुधाबी नाइट राइडर्स , डेजर्ट वाइपर्स, दुबई कैपिटल्स , गल्फ जाइंट्स और शारजाह वारियर्स जैसी टीमें शामिल है। वॉर्नर, बोल्ट और ब्रावो के साथ इसमें सुनील नारायण, आंद्रे रसेल, कोरी एंडरसन, दासुन शनाका, रहमानुल्लाह गुरबाज, सैम बिलिंग्स, क्रिस वोक्स और मार्टिन गुप्टिल भी खेलेंगे।

## सुनील गावस्कर ने इंग्लैंड टेस्ट सीरीज के लिए भारत की तैयारियों पर सवाल उठाए

स्पोर्ट्स डेस्क । पूर्व भारतीय कप्तान सुनील गावस्कर ने रणजी ट्रॉफी में भाग लेने के बजाय अफगानिस्तान के खिलाफ टी20आई श्रृंखला में भाग लेने वाले कुछ भारतीय बल्लेबाजों की पसंद पर अपना दृष्टिकोण साझा किया । उन्होंने विचार व्यक्त किया कि रोहित शर्मा, विराट कोहली, यशस्वी जयसवाल और शुबमन गिल जैसे खिलाड़ियों के लिए घरेलू प्रथम श्रेणी टूर्नामेंट का चयन करना अधिक विवेकपूर्ण निर्णय होता खासकर जनवरी में इंग्लैंड के खिलाफ शुरू होने वाली पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला को देखते हुए। गावस्कर ने कहा, 'क्या कुछ भारतीय बल्लेबाजों के लिए इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला के लिए खुद को तैयार करने के लिए कुछ रणजी ट्रॉफी खेल खेलना बेहतर नहीं होता? केएल राहुल के अलावा, जिन्होंने सेंचुरियन में पहले टेस्ट मैच में सबसे बेहतरीन टेस्ट शतकों में से एक बनाया और विराट कोहली, जिन्होंने बिना शतक लगाए अच्छी बल्लेबाजी की, अन्य भारतीय बल्लेबाजों ने दक्षिण अफ्रीका में भूलने योग्य चार पारियां खेलीं । हम निश्चित रूप से आने वाले हफ्तों में देखेंगे कि क्या उन्हें अफगानिस्तान के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलना चाहिए था या रणजी ट्रॉफी मैच ।' भारत के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने पुष्टि की है कि टीम 20 जनवरी से हैदराबाद में एक प्रशिक्षण शिविर के साथ इंग्लैंड के खिलाफ महत्वपूर्ण टेस्ट श्रृंखला के लिए अपनी तैयारी शुरू करेगी। यह घोषणा तब हुई जब 17 जनवरी को बेंगलुरु में सनसनीखेज डबल सुपर ओवर मुकाबले में भारत ने अफगानिस्तान के खिलाफ टी20 सीरीज में रोमांचक क्लीन स्वीप हासिल की। टी20आई श्रृंखला में भाग लेने वाले नियमित टेस्ट खिलाड़ियों जिसमें कप्तान रोहित शर्मा, विराट कोहली, यशस्वी जयसवाल, शुबमन गिल, कुलदीप यादव, अक्षर पटेल, मुकेश कुमार और अवेश खान शामिल थे, उन्हें फिर से संगठित होने से पहले दो दिन के संक्षिप्त ब्रेक का इंतजार है ।



# रणजी ट्रॉफी में रनों के लिए तरसते दिखे अजिंक्य रहाणे, लगातार दो पारियों में हुए 'गोल्डन डक'



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के अनुभवी बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे पिछले कुछ महीनों से टेस्ट टीम से बाहर चल रहे हैं। रहाणे को इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की सीरीज के शुरुआती दो मुकाबले में नहीं चुना गया है। उन्होंने हाल ही में कहा था कि वह भारत के लिए 100 टेस्ट मैच खेलना चाहते हैं। रणजी ट्रॉफी में उनके प्रदर्शन को देखकर ऐसा लग रहा है कि उन्हें वापसी के लिए लंबा इंतजार करना पड़ सकता है। रहाणे मुंबई के लिए लगातार दो पारियों में खाता नहीं खोल पाए।

रहाणे रणजी सीजन के पहले मैच में बिहार के खिलाफ नहीं खेल पाए थे। उसके बाद दूसरे मुकाबले में आंध्र प्रदेश के खिलाफ उन्हें एक पारी में बल्लेबाजी का मौका मिला था। ये पहली पारी में खाता खोले बगैर पवेलियन लौट गए थे। नीतीश रेड्डी ने उन्हें पहली ही गेंद पर आउट कर दिया था। मुंबई ने मैच को 10 विकेट से जीत लिया। ऐसे में उन्हें दूसरी पारी में बल्लेबाजी का मौका नहीं मिला।

इस बात की उम्मीद जताई जा रही थी कि रहाणे आंध्र के खिलाफ अपने प्रदर्शन को भुलाकर तीसरे मुकाबले में बड़ी पारी खेल पाएंगे। हालांकि, ऐसा नहीं हुआ, वह सीजन के तीसरे मुकाबले में केरल के खिलाफ पहली पारी में शून्य पर पवेलियन लौट गए। इस बार बासिल थम्पी ने उन्हें पहली ही गेंद पर पवेलियन भेज दिया। लगातार दो गोल्डन डक के बाद उनकी वापसी की उम्मीदें भी धूमिल हो गई हैं।



## बॉबी देओल नहीं बनेंगे रामायण में कुंभकरण! नहीं मिला है कोई ऑफर

बॉबी देओल की इन दिनों खूब चर्चा है। संदीप रेड्डी वांगा की एनिमल में अपने छोटे से कैमियो में उन्होंने गजब धमाल मचाया। इस बीच खबर आई कि दंगल फेम डायरेक्टर नितेश तिवारी की रामायण में बॉबी को रावण के भाई कुंभकरण का रोल ऑफर किया गया है। लेकिन अब नई रिपोर्ट यह बताती है कि एक्टर को ऐसा कोई रोल ऑफर नहीं हुआ है। रणबीर कपूर इस रामायण में भगवान राम का किरदार निभा रहे हैं, जबकि साईं पल्लवी पर्दे पर मां सीता बनेंगी। यश इसमें रावण बनेंगे। फिल्म की शूटिंग जल्द शुरू होने वाली है। बॉबी देओल की टीम से इस बारे में बात की। उनकी टीम ने इस तरह की अटकलों का खंडन किया है। टीम का कहना है कि बॉबी को नितेश तिवारी की रामायण में ऐसा कोई रोल ऑफर नहीं किया गया है।

### कैकेयी के रोल में दिखेंगी लारा दत्ता!



इससे पहले पिंकविला की रिपोर्ट में दावा किया गया था कि रामायण की कास्ट में नए नाम जुड़े हैं। इनमें राजा दशरथ की तीसरी पत्नी और मां राजकुमारी कैकेयी के रूप में लारा दत्ता को कास्ट किया गया है। जबकि रावण के छोटे भाई कुंभकरण की भूमिका के लिए बॉबी देओल को लगभग फाइनल कर लिया गया है। रामायण की कहानी में कुंभकरण वह किरदार है, जो खूब खाता और सोता था। वह छह महीने सोता रहता था और छह महीने जगता था। रिपोर्ट में कहा गया गया लारा दत्ता से कैकेयी के रोल के लिए बातचीत आखिरी चरण में है। जबकि बॉबी देओल एनिमल की सफलता के बाद कई ऑफर्स पर विचार कर रहे हैं, इनमें रामायण भी है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि मेकर्स फिल्म में भगवान हनुमान के किरदार के लिए सनी देओल के नाम पर विचार कर रहे हैं। मेकर्स को उम्मीद है कि दिवंगत एक्टर दारा सिंह ने जिस तरह टीवी पर हनुमान के किरदार को अमर कर दिया, उसी तरह का जादू सनी देओल भी चला सकते हैं।

# पर्दे पर हनुमान जी का लंगोट धारण करते ही मेरे अंदर पॉजिटिविटी आ जाती है



छोटे पर्दे पर संकट मोचन महाबली हनुमान, कर्मफल दाता शनि जैसे शोज में बजरंग बली की भूमिका निभा चुके ऐक्टर निर्भय वाधवा एक बार फिर सीरियल श्रीमद् रामायण में हनुमान जी के रोल में नजर आ रहे हैं। ऐसे में, हमने निर्भय से जाना कि आखिर क्या है उनका इस रोल से खास कनेक्शन?

### सबको नहीं मिलता ऐसा मौका

बतौर कलाकार निर्भय को बार-बार एक ही रोल करना दोहराव भरा नहीं लगता? यह पूछने पर वह कहते हैं, बिल्कुल नहीं, बल्कि मुझे तो गर्व होता है कि मेरी एक छाप बन गई है हनुमान जी के रोल में। बड़े से बड़े कलाकारों को भी कई बार जिंदगी में ऐसा लार्जर दैन लाइफ किरदार निभाने का मौका नहीं मिलता, जिसे लोग उसके जाने के बाद भी याद करें। मुझसे पहले बस दारा सिंह जी ने हनुमान जी का रोल कई बार किया है। मैं उनसे तुलना नहीं कर सकता, वो लेजेंड हैं। मैं कोशिश करता हूं कि मैं भी उनके जैसा थोड़ा बहुत अच्छा काम कर जाऊं और ये भगवान की कृपा है कि मैं बार बार ये रोल कर रहा हूं।

### लंगोट पहनते ही आ जाती है पॉजिटिविटी

बजरंग बली के गेटअप और मेकअप में लगातार शूटिंग करना कितना चैलेंजिंग होता है? इस सवाल पर निर्भय बताते हैं, जब मैं पहली बार ये रोल कर रहा था तब चैलेंजिंग होता था क्योंकि मेरे डेंचर (नकली दांत) लगते हैं। उससे मेरा चेहरा खिंचा हुआ रहता है, इसलिए मैं ज्यादातर अपने भाव आंखों से दिखाने की कोशिश करता हूं कि मैं गुस्से में हूं या दुखी हूं। बाकी, मेकअप तो अब आधे से एक घंटे में हो जाता है जिसमें मुझे बिल्कुल भी दिक्कत नहीं होती। मेरा मानना है कि हनुमान जी का परिधान या लंगोट धारण करते ही आपके अंदर बहुत ज्यादा पॉजिटिविटी आ जाती है और बड़ी से बड़ी मुश्किल आसान हो जाती है।

### हनुमान जी ने दौलत-शोहरत सब दिया

निर्भय अपनी जिंदगी में आए सकारात्मक बदलावों का श्रेय भी हनुमान जी को देते हैं। बकौल निर्भय, हनुमान जी ने मुझे बहुत कुछ दिया है। जैसे, मैं हमेशा से चाहता था कि मेरे पास बड़ी गाड़ी हो पर लगा नहीं था कि ऐसा हो पाएगा लेकिन हनुमान जी का रोल करने लगा तो वो हो गया। महंगी मोटरसाइकिल आ गई। जबकि, पहले तो हमारे परिवार के आर्थिक हालात ही ऐसे नहीं थे कि हम वो खरीद पाते। मेरे घरवाले सामान्य सी बाइक दिला देते वही बड़ी बात थी। फिर, मैंने सोचा भी नहीं था कि मुझे 30-40 लाख का लोन मिल पाएगा, लेकिन ऐसी सारी चीजें हुई हैं। मेरे लोन पास होने लगे, जो लोग पहले लोन के लिए मना कर देते थे, वो अब आगे बढ़-बढ़कर आते हैं। मेरा पासपोर्ट जल्दी बन गया जो काफी टाइम से अटका हुआ था। मतलब, ऐसे ऐसे काम हुए हैं जिसकी उम्मीद छोड़ दी थी।


# 26 साल बाद रवीना ने खोला राज, क्यों नहीं की करण जौहर की कुछ-कुछ होता है



रवीना टंडन इन दिनों अपनी आने वाली वेब सीरीज कर्मा कॉलिंग को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। ये सीरीज जल्द ही स्ट्रीम होने वाली है। रवीना टंडन इन दिनों अपनी वेब सीरीज का जमकर प्रमोशन कर रही हैं। इसी बीच रवीना ने अपने दिए एक साक्षात्कार में अपने पिछले प्रोजेक्ट्स से जुड़े कई मजेदार खुलासे भी किये। रवीना टंडन ने बताया की उन्होंने करण जौहर की पहली फिल्म कुछ-कुछ होता है को रिजेक्ट कर दिया था। एक इंटरव्यू में कुछ-कुछ होता है को रिजेक्ट करने के पीछे का कारण बताते हुए एक्ट्रेस ने बताया - उस वक्त मुझे समझ नहीं आया। काजोल और मैं उस वक्त एक दूसरे के कॉम्पिटीटर थे। फिल्म में हम दोनों ही लीड रोल में थे लेकिन मेरा रोल काजोल से नीचे था और छोटा था इसलिए मैं इसी नहीं करना चाहती थी।

### करण जौहर का ऐसा था रिएक्शन

रवीना टंडन अपनी अपकमिंग वेब सीरीज कर्मा कॉलिंग को प्रमोट करने में लगी हुई हैं। इस दौरान एक्ट्रेस कई इंटरव्यू दे रहे हैं जहां एक इंटरव्यू के दौरान कुछ-कुछ होता है को रिजेक्ट करने पर करण जौहर के रिएक्शन के बारे में बात करते हुए कहा -करण आज भी मुझसे उस रोल को ना करने के लिए जवाब मांगता रहता है। मैं उससे कहती हूं कि यार तू मुझसे और कुछ भी करा ले। यही नहीं धर्मा प्रोडक्शन की एक और कोई फिल्म थई जिसे मैं और वरुण सूद साथ में करने वाले थे लेकिन अफसोस ऐसा हो नहीं सका




# हिट गाने की कोई रेसिपी नहीं होती है

कच्ची उम्र में संगीत को ही अपनी जिंदगी बनाकर आगे बढ़ने वाले अरमान मलिक ने प्लेबैक सिंगिंग के बाद अब पॉप म्यूजिक में इंटरनेशनल पहचान बनाने के लिए कदम बढ़ा दिए हैं। अब तक उनके करीब 6-7 इंग्लिश सॉन्ग आ चुके हैं। इनमें से 'यू' और 'कंट्रोल' के लिए उन्हें ईएमए अवॉर्ड भी मिला। चार्ली पुथ, जस्टिन बीबर को प्रेरणा मानने वाले अरमान की तमन्ना अब ब्रूनो मार्स के साथ काम करने की है। अरमान ने कहा हिट गानों की ना कोई रेसिपी होती और ना उसे कोई बता सकता है। बस, जो होता है, वो ऐसे ही हो जाता है। आप ईमानदारी से अपना काम करते रहो और वो लोगों तक पहुंचता जाता है। उससे लोगों के दिलों में जगह बनती है। अगर आपके गाने ने लोगों के दिलों में जगह बना ली तो वह हिट हो गया। अच्छा या हिट गाना बनाने के लिए अलग-अलग साल का पीछे का ट्रैक रिकॉर्ड देखना पड़ता है कि कौन से गाने हिट हुए। उनमें क्या चीज समान थी। उनको कॉमन रखते हुए नया गाना बनाओ तो कहीं ना कहीं एक प्रतिशत समझ में आ जाता कि यह जोन है। अगर उस एरिया या इमोशन से हम कोई गाना बनाएं तो वो लोगों से कनेक्ट करेगा क्योंकि पहले ऐसे ही गाने हुए हैं। हालांकि, यह बस शुरुआती तौर पर हो सकता है, लेकिन हिट गानों की पूरी रेसिपी आप ना किसी को बता पाओगे और ना खुद जान पाओगे।

# ऋतिक की फाइटर में विलेन बने ऋषभ साहनी



सिद्धार्थ आनंद की फिल्म फाइटर का ट्रेलर हाल ही में रिलीज हुआ है। फिल्म में ऋतिक रोशन, दीपिका पादुकोण और अनिल कपूर जैसे अहम कलाकार हैं। इन सभी के अलावा ट्रेलर में एक और एक्टर ने दर्शकों का ध्यान अपनी ओर खींचा है जो फिल्म में विलेन का रोल प्ले कर रहा है। यह हैं एक्टर ऋषभ साहनी, जो 'फाइटर' में विलेन के रोल में नजर आएंगे। ऋषभ ने बतौर मॉडल अपने करियर की शुरुआत की थी। वो शातंनु और निखिल समेत कई बड़े फैशन डिजाइनर्स के लिए रैंप वॉक कर चुके हैं। भले ही 'फाइटर' से ऋषभ अपना बॉलीवुड डेब्यू करेंगे पर इससे पहले वो डिनो मोरिया स्टारर 'द एम्पायर' में बाबर के भाई महमूद का रोल प्ले कर चुके हैं। इसके अलावा उन्होंने 'कौन बनेगी शिखरवती' और 'बेस्टसेलर' जैसे शोज भी किए हैं। सोशल मीडिया पर भी ऋषभ काफी पॉपुलर हैं। वे वहां आए दिन अपने फोटोशूट और बॉडी बिल्डिंग फोटोज शेयर करते हैं।

# द साबरमती रिपोर्ट में नजर आएंगे विक्रांत मैसी



एक्टर विक्रांत मैसी अपनी फिल्म '12वीं फेल' के चलते खूब सुर्खियां बटोर रहे हैं। पिछले साल रिलीज हुई विधु विनोद चोपड़ा की इस फिल्म को क्रिटिक्स और फैंस ने खूब प्यार दिया। विक्रांत इसके लीड एक्टर थे और फिल्म की सफलता में उनकी एक्टिंग का बड़ा योगदान रहा। विक्रांत ने छोटे पर्दे से बड़े पर्दे का सफर तय किया है। उनकी प्रतिभा उनके लिए लगातार आगे बढ़ने के रास्ते बना रही है। अब विक्रांत एकता कपूर की मूवी द साबरमती रिपोर्ट में लीड रोल में नजर आएंगे। उनके अपोजिट राशि खन्ना हैं। फिल्म का डायरेक्शन रंजन चंदेल करेंगे, जो 3 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। मेकर्स ने वीडियो शेयर कर कैप्शन में लिखा- एक अनकही कहानी के साथ इतिहास को उजागर करने के लिए तैयार हो जाइए, साबरमती रिपोर्ट - 2002 की घटना की एक दिलचस्प यात्रा, जिसने पूरे देश पर एक अमिट छाप छोड़ी! 3 मई 2024 को सिनेमाघरों में। फिल्म में 'जवान' फेम एक्ट्रेस रिद्धि डोगरा का भी अहम रोल रहेगा।



# करण जौहर ने किया कॉफी विद करण 8 की समाप्ति का एलान

करण जौहर का सेलिब्रिटी चैट कॉफी विद करण 8 दर्शकों के बीच सबसे लोकप्रिय शो में से एक है। कॉफी विद करण के आठवें सीजन में करण ने सितारों की प्रोफेशनल और पर्सनल लाइफ से जुड़े किस्सों का खुलासा कर दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। कॉफी विद करण- 8 के ओपनिंग एपिसोड में दीपिका और रणवीर ने करण के शो की शोभा बढ़ाई थी। वहीं, इसके बाद सनी देओल, बॉबी देओल, आदित्य रॉय कपूर, अर्जुन कपूर समेत कई सितारे दिलचस्प खुलासे करते नजर आएं। शो के होस्ट ने हाल ही में घोषणा की है कि उनका आठवां सीजन खत्म होने जा रहा है।

### अंतिम एपिसोड होगा कॉफी अवार्डस

करण जौहर ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम स्टोरी कॉफी विद करण के आठवें सीजन खत्म होने की घोषणा की है। उन्होंने लिखा, सेलिब्रिटी चैट अब खत्म होने जा रहा है, हमारे सभी 12 एपिसोड टॉप पर रहे। अब हमारा अगला और अंतिम एपिसोड कॉफी अवार्ड्स होगा।

### ये सितारे आए नजर

उन्होंने आगे कहा, कॉफी विद करण के आठवें सीजन में हमने दीपिका पादुकोण-रणवीर सिंह, आलिया भट्ट, करीना कपूर खान, सैफ अली खान, शर्मिला टैगोर, जान्हवी कपूर, खुशी कपूर, सिद्धार्थ मल्होत्रा, कियारा आडवाणी, आदित्य रॉय कपूर, अर्जुन कपूर समेत कई सितारो से बातचीत की। वहीं, हालिया एपिसोड में बॉलीवुड इंडस्ट्री की दो दिग्गज अभिनेत्रियां जीनत अमान और नीतू कपूर नजर आई थीं।

# 12वीं फेल स्टार मेधा शंकर ने दर्शकों का जताया आभार

**विक्रांत मैसी और मेधा शंकर स्टारर 12वीं फेल साल 2023 की सुपरहिट फिल्मों में शुमार रही। बेहतरीन कहानी और कलाकारों के शानदार अभिनय से इस फिल्म ने धमाल मचा दिया। फिल्म को दर्शकों और समीक्षकों ने खूब सराहा और अपनी रिलीज के 12 हफ्ते बाद भी 12वीं फेल थिएटर में जमी हुई है।**

मेधा शंकर ने इस फिल्म में अपने किरदार को मिल रही जबर्दस्त प्रतिक्रिया पर दर्शकों का आभार व्यक्त किया। मेधा ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर कर फैंस को धन्यवाद कहा। वीडियो शेयर करते हुए मेधा ने लिखा, यह अब हमारी फिल्म नहीं आपकी फिल्म है, आपने इस फिल्म को ढेर सारा प्यार दिया, उसके लिए धन्यवाद। 12वीं फेल 12 हफ्तों से लगातार सिनेमाघरों में चल रही है! कृपया इसे अपने नजदीकी थिएटर में जाकर देखें। अपने दोस्तों और परिवार के साथ बड़े पर्दे पर इस जादुई फिल्म को एन्जॉय करे। आप सभी को ढेर सारा प्यार, हर चीज के लिए धन्यवाद। विधु विनोद चोपड़ा द्वारा निर्देशित यह फिल्म आईपीएस मनोज शर्मा की सच्ची कहानी पर आधारित है। जिसमें मेधा शंकर ने मनोज शर्मा की पत्नी और आईआरएस श्रद्धा जोशी की भूमिका निभाई है। फिल्म की कहानी आईपीएस मनोज कुमार शर्मा के जीवन और यूपीएससी उम्मीदवारों के इर्द-गिर्द घूमती है। गौरतलब है कि12वीं फेल को स्वतंत्र नामांकन के तौर पर ऑस्कर 2024 में भेजा गया है।






स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादकः **जितेन्द्र चौधरी**, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in